दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 21 जयपुर, शनिवार, 30 दिसंबर, 2023 | पौष, कृष्ण पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## प्रदेश में ठंड और कोहरे का 'डबल अटैक'

प्रदेश के उत्तरी एवं पूर्वी जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान घना कोहरा छाया रहा। राजधानी के कई इलाकों में भी शुक्रवार सुबह की शुरुआत कोहरे के साथ हुई। घने कोहरे का असर वाहनों के आवागमन के साथ आम जनजीवन पर देखा गया।

**24 घंटे** के दौरान प्रदेश में छाया रहा घना कोहरा | **50 मीटर** से भी कम रही विजिबिलिटी | **8.4 डिग्री** रहा जयपुर का तापमान

### बरसात की जताई संभावना

प्रदेश में 31 दिसंबर से एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इससे मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के मुताबिक 30 दिसंबर को प्रदेश के उदयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग के जिलों में बादल छाए रहेंगे। इसके अलावा कई जिलों में हल्की या मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इसके चलते पारे में गिरावट हो सकती है।

फोटो: पंकज शर्मा

## जरूरी खबर

### प्रदेश में शनिवार और रविवार को भी खुलेंगे आरटीओ





**जयपुर।** परिवहन विभाग ने राज्य सरकार के आदेशों की पालना में राजकीय अवकाशों शनिवार व रविवार को भी प्रदेश के सभी परिवहन कार्यालय खुले रहेंगे। परिवहन आयुक्त एवं सड़क सुरक्षा विभाग राजस्थान सरकार, जयपुर ने आदेश जारी किया है कि विभाग द्वारा जारी 10 फरवरी, 2023 एवं 21 सितंबर, 2023 द्वारा कर एवं ई-रवाना के संबंध में आमजन को सुविधा के लिए एमनेस्टी स्कीम लागू की गई है, जो 31 दिसंबर, 2023 तक ही प्रभावी है। समस्त एवं प्रादेशिक, जिला परिवहन कार्यालय 30 और 31 दिसंबर को राजकीय अवकाशों (शनिवार एवं रविवार) में परिवहन संबंधी समस्त कार्यों के लिए खुले रहेंगे।

## ये भी देखें...

82 हजार अभ्यर्थी फिर देंगे सीएचओ परीक्षा पेज-2

इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए खा रहे जड़ी-बूटी के लड्डू पेज-3

### भजनलाल सरकार के कैबिनेट का विस्तार

# इंतजार की घड़ियां खत्म शपथ आज 3:15 बजे

## राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र दिलाएंगे नए मंत्रियों को शपथ

### दिल्ली पहुंचे सीएम की शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात, मंत्रिमंडल में शामिल नामों को लेकर मिली हरी झंडी

### विधायकों को भिजवाए निमंत्रण पत्र, शपथ ग्रहण में 500 अतिथियों को किया गया आमंत्रित

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल का गठन शनिवार को होगा। राजभवन में दोपहर 3.15 बजे राज्यपाल कलराज मिश्र नवनिर्वाचित मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। सभी विधायकों को इसकी सूचना दे दी गई है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए करीब 500 अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। सूत्रों के अनुसार भजनलाल शर्मा की टीम में प्रथम चरण में 15 से ज्यादा विधायक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इधर, मंत्रिमंडल गठन की कवायद के बीच शुक्रवार शाम सीएम भजनलाल शर्मा दिल्ली पहुंचें। यहां उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले विधायकों के नामों को लेकर लंबी चर्चा की। बताया जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व ने संभावित नामों को लेकर हरी झंडी दे दी है। मुख्यमंत्री शुक्रवार देर रात दिल्ली से जयपुर के लिए रवाना हो गए।



### भजनलाल शर्मा ने 15 को ली थी CM पद की शपथ

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर को पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। उनके साथ ही दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने डिप्टी CM के रूप में शपथ ग्रहण की थी। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए थे।

### ये हैं प्रबल दावेदार

पूर्वी राजस्थान के सबसे कद्दावर नेताओं में शामिल डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के मंत्रिमंडल में शामिल होने की प्रबल संभावना हैं। वहीं, हिंदूवादी चेहरा और तिजारा से विधायक बाबा बालकनाथ भी मंत्रिमंडल का हिस्सा हो सकते हैं। महिला चेहरों में अनिता भदेल, दीप्ति माहेश्वरी और पहली बार विधायक बनीं नौक्षम चौधरी पर नजरें हैं। इसी प्रकार दलित वर्ग से जितेंद्र गोठवाल और वरिष्ठ विधायक मदन दिलावर को भी मंत्री बनाया जा सकता है। राजपूत समाज से पुष्पेंद्र सिंह राणावत, सिद्धि कुमारी जैसे वरिष्ठ विधायकों के समर्थकों को उम्मीद है कि उनके नेता इस बार मंत्री जरूर बनेंगे। ब्राह्मण समाज को भी उम्मीद है कि मुख्यमंत्री के बाद समाज के एक-दो विधायक भी मंत्री बन सकते हैं। इसलिए संजय शर्मा, संदीप शर्मा, जेठानंद व्यास जैसे विधायक भी रेस में बने हुए हैं। नए मंत्रिमंडल में सबसे ज्यादा नजरें जाट समाज को मिलने वाले प्रतिनिधित्व पर टिकी होंगी क्योंकि मुख्यमंत्री, दो उप मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष जैसे एक भी पद पर जाट चेहरे को मौका नहीं दिया गया है। ऐसे में अब लोगों की नजरें इस पर टिकी हैं कि 12 जाट विधायकों में से कितने लोगों को मंत्री बनाया जाएगा।

### IPS उमेश मिश्रा का VRS तत्काल मंजूर

# यूआर साहू बने राजस्थान के नए कार्यवाहक डीजीपी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में सरकार बदलने के साथ ब्यूरोक्रेसी पर बड़ा असर दिखने लगा है। गहलोत सरकार में पुलिस महानिदेशक बने उमेश मिश्रा ने शुक्रवार दोपहर बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया, जिसे सरकार ने तत्काल मंजूर कर लिया।

उमेश मिश्रा का वीआरएस मंजूर होने के बाद राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने सीनियर आईपीएस उत्कल रंजन साहू को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक बनाया है। साहू वर्तमान में होमगार्ड डीजी हैं जिन्हें अब डीजीपी का अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया है।

### मिश्रा से सीनियर हैं साहू



आईपीएस उमेश मिश्रा वर्ष 1989 बैच के अफसर हैं। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने वरिष्ठता लांघते हुए पुलिस महानिदेशक बना दिया था। वर्तमान में सबसे सीनियर आईपीएस यूआर साहू हैं, जो वर्ष 1988 बैच के आईपीएस अफसर हैं। वर्ष 1989 बैच के आईपीएस अफसर भूपेंद्र कुमार दक भी उमेश मिश्रा के बैच के हैं और उम्र में बड़े होने के कारण वे मिश्रा से वरिष्ठ माने जाते हैं। इन दो सीनियर अफसरों को दरकिनार करते हुए गहलोत सरकार ने उमेश मिश्रा को 27 अक्टूबर 2022 को डीजीपी बना दिया था।

### सरकार की मंशा को समझ किया था आवेदन



सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के मुताबिक डीजीपी की नियुक्ति दो साल के लिए होती है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद वह दो साल तक पद पर रह सकते हैं। ऐसे में उमेश मिश्रा नवंबर 2024 तक पद पर बने रह सकते थे। अलबत्ता, उत्तर प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद डीजीपी को एक साल में हटा चुकी। राजस्थान में ऐसी नौबत आती इससे पूर्व ही मिश्रा ने शुक्रवार को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया था, जिसे सरकार ने तुरंत स्वीकार कर लिया। मिश्रा का वीआरएस मंजूर करने के बाद कार्मिक विभाग ने सीनियर आईपीएस यूआर साहू को कार्यवाहक डीजीपी बनाया।

## आईएएस एसोसिएशन ने मुख्य सचिव उषा शर्मा को दी विदाई





**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव उषा शर्मा इसी माह के अंत सेवानिवृत्त हो रही है। उनका शुक्रवार को अंतिम कार्य दिवस था। इस लिहाज से आईएएस एसोसिएशन ने शुक्रवार को उनको विदाई दे दी।

सचिवालय में समारोह में मुख्य सचिव के साथ पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता को भी विदाई दी गई। वीनू गुप्ता ने पिछले दिनों ही रेरा के चेयरमैन पद का कार्यभार संभाला है। अजमेर के संभागीय आयुक्त आईएएस चौथी राम मीणा भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए।

इसी प्रकार एटीएस-एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पद पर कार्यरत अमृत कलश तथा सीआईडी सीबी के पुलिस उप महानिरीक्षक जगदीश चंद्र शर्मा भी सेवानिवृत्त हो गए। इसी तरह आरएएस लालाराम गूगरवाल और सुरेन्द्र सिंह मीणा भी सेवानिवृत्त हो गए।

### कामकाज के हिसाब से था आखिरी दिन

पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने 10 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की वरिष्ठता की अनदेखी कर निरंजन आर्य को मुख्य सचिव बना दिया था। इस बार भी ऐसा ही होने की उम्मीद है। दरअसल मुख्य सचिव उषा शर्मा का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो गया था, लेकिन केंद्र सरकार से 6 माह का एक्सटेंशन मिलने से गहलोत सरकार ने उनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2023 तक बढ़ा दिया था। अब शुक्रवार को सरकारी कामकाज के हिसाब से सप्ताह का आखिरी दिन था।

## कोरोना ने तोड़ा 7 महीनों का रिकॉर्ड, एक दिन में आए 798 केस



**एजेंसी** | दिल्ली/जयपुर

देश में कोरोना वायरस फिर रफ्तार पकड़ता नजर आ रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़े बताते हैं कि देश में 24 घंटों में 798 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही संक्रमितों की संख्या 4 हजार के पार पहुंच गई है। इसके अलावा 5 मरीजों की कोविड-19 के चलते मौत भी हुई है। 24 घंटों के दौरान 2 मरीजों ने केरल में जान गंवाई। इसके अलावा महाराष्ट्र, पुडुचेरी और तमिलनाडु में भी एक-एक मरीज की मौत हुई है। देश के कई राज्यों में कोविड संक्रमण के मामलों में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। उधर, प्रदेश में 6 नए कोरोना संक्रमित पाए गए। इसमें सबसे ज्यादा 4 जयपुर में मिले हैं, जबकि उदयपुर में 2 केस मिले हैं। देश में इस साल 19 मई के बाद से एक दिन में सामने आए कोरोना वायरस संक्रमण के ये सबसे अधिक मामले हैं। इससे पहले देश में 19 मई, 2023 को संक्रमण के 865 नए मामले दर्ज किए गए थे।

### प्रदेश कांग्रेस के सियासी समीकरण

# नए साल में प्रदेश कांग्रेस में होगा बड़ा बदलाव, मिलेगा नया प्रदेशाध्यक्ष!

- जनवरी के पहले सप्ताह में हो सकती है नामों की घोषणा
- नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में डोटासरा का नाम सबसे आगे
- हरीश चौधरी को भी मिल सकती है संगठन में बड़ी जिम्मेदारी

**बेधड़क** | जयपुर

नए साल में 19 जनवरी से विधानसभा का बजट सत्र शुरू होगा। बजट सत्र से पहले प्रदेश कांग्रेस ने भी संगठन में बदलाव के संकेत दिए हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व प्रदेशाध्यक्ष के नामों को लेकर नए साल के पहले सप्ताह में घोषणा हो सकती है।

सूत्रों की मानें तो पार्टी आला कमान नामों को लेकर लगातार मंथन कर रहा है, बताया यह भी जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष के लिए वरिष्ठ नेता वर्तमान प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नाम को लेकर राय बनाई है, जिस पर भी विचार किया गया है।

पार्टी का मानना है कि डोटासरा नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में एक फायर बिग्रेड नेता के रूप में स्थापित हो सकते हैं। डोटासरा लगातार भाजपा पर हमलावर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की नजदीकी के चलते डोटासरा का नाम नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में सबसे आगे बताया जा रहा है।



### डोटासरा इसलिए दौड़ में आगे...

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद पर काबिज प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा करीब साढ़े 3 साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। वे 15 जलाई, 2020 को अध्यक्ष बने थे। वे चौथी बार विधानसभा पहुंचे हैं। विधानसभा में वे मुद्दे उठाने को लेकर पूर्व में भी विपक्ष में रहते एक्टिव रहे हैं। इसलिए उनका नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में नाम आगे हैं।

### यूं बदल सकते हैं समीकरण

नेता प्रतिपक्ष की जल्द नियुक्ति के साथ ही प्रदेश कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिलने की चर्चा भी तेज हो गई है। सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ का प्रभारी नियुक्त किए जाने और हरीश चौधरी को पंजाब के प्रभारी पद से मुक्त करने की वजह से प्रदेश के सियासी समीकरण बदलने की ज्यादा चर्चा है। पहले नेता प्रतिपक्ष या फिर प्रदेशाध्यक्ष की दौड़ में सचिन पायलट का भी नाम था, लेकिन वे छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी मिलने के बाद दौड़ से बाहर हो गए हैं। हालांकि वे आगामी विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में मुख्य भूमिका में आ सकते हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि यदि हरीश चौधरी को प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया तो गोविंद सिंह डोटासरा नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में सबसे आगे रहेंगे। हालांकि प्रदेश में जो भी बदलाव होंगे वो 5 जनवरी को करणपुर विधानसभा चुनाव के बाद ही होंगे।

### लोकसभा चुनाव में गहलोत निभाएंगे बड़ी भूमिका

तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रह चुके अशोक गहलोत को अभी दिल्ली में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें नेशनल अलांय कमेटी में सदस्य बनाया गया है। ऐसे में उनकी आगामी लोकसभा चुनाव में अन्य दलों के साथ गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर बड़ी भूमिका रहेगी। चर्चा है कि अनुभवी नेता के रूप में अब दिल्ली में ही उन्हें बड़ी जिम्मेदारियां आगे भी मिल सकती हैं।

## जरूरी खबर

### अमृतसर-अजमेर एक्सप्रेस बदले मार्ग से चलेगी



**जयपुर।** उत्तर रेलवे के बद्दोवाल-मुल्लांपुर रेलखंड के मध्य लुधियाना-मुल्लांपुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इस कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाड़ी संख्या 19612, अमृतसर-अजमेर रेलसेवा 09, 11, 16 व 18 जनवरी को अमृतसर से प्रस्थान कर वह अपने निर्धारित मार्ग फगवाडा, लुधियाना, जगराओं, मोगा व तलवन्डी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया जालन्धर सिटी-लोहिया खास-फिरोजपुर कैंट होकर संचालित होगी।

### RAS अभ्यर्थियों का राठौड़ के आवास पर धरना

**जयपुर।** आरएएस अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ के जयपुर स्थित आवास के बाहर धरना दिया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इसके बाद राजेंद्र राठौड़ ने छात्रों से मिल जल्द समाधान की बात कही। छात्रों ने कहा- इतिहास में पहली बार प्री और मेंस परीक्षा के लिए 3 महीने से भी कम का वक्त दिया गया है। जो तैयारी के लिए पर्याप्त नहीं है। सरकार भर्ती परीक्षा के शेड्यूल में संशोधन कर हमें तैयारी का समय दे।

### अध्यापक तबादला नीति को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जयपुर।** तृतीय श्रेणी तबादला नीति में सुझाव को लेकर शिक्षकों ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान भाजपा नेता हेमंत जकड़ी, अधिवक्ता शुभम शर्मा, कमल चौधरी दूदू, कमल चौधरी, गोविंद जोशी, रमन गुलेरिया मौजूद रहे। शिक्षकों ने उपमुख्यमंत्री से तृतीय श्रेणी अध्यापकों की तबादले नीति में एकल महिला को इच्छित स्थान देने का नियम बनाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने प्रदेश में तृतीय श्रेणी शिक्षकों का तबादला जल्द करा शिक्षकों को राहत प्रदान करने की मांग की है।

---

**चिकित्सा अधिकारियों ने किया अस्पतालों का औचक निरीक्षण, मिली खामियां**

# विभाग ने नदारद रहे 1127 चिकित्साकर्मियों को थमाए नोटिस

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में नई सरकार का स्वास्थ्य सुविधाओं पर खास फोकस है। इसको लेकर सरकार ने अस्पतालों में चल रही व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए अधिकारियों को निर्देश दे रखे हैं। पिछले दिनों सीएम भजन लाल शर्मा के एसएमएस अस्पताल के दौरे के दौरान अव्यवस्थाएं मिलने सुधारने की निर्देश दिए थे। इसकी पालना में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त से लेकर सभी चिकित्सा अधिकारी जुटे हुए हैं। इस कड़ी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को प्रदेश के 477 राजकीय चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक, सीएमएचओ, अतिरिक्त व उप सीएमएचओ, आरसीएचओ और ब्लॉक सीएमएचओ स्तर के अधिकारियों ने चिकित्सा संस्थानों में कार्मिकों की समय पर उपस्थिति को जांचा गया। मौके पर करीब 1127 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिन्हें विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही टीम ने उपचार सेवाओं सहित साफ-सफाई व मौसमी बीमारियों की रोकथाम संबंधी गतिविधियों की सघन जांच की।



### ये कार्मिक मिले अनुपस्थित

निरीक्षण में 221 चिकित्सक, 443 नर्सिंग व पैरामेडिकल कार्मिक, 37 मंत्रालयिक कार्मिक और 426 संविदा कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। कुल 1127 चिकित्साकर्मी नदारद मिले। वहीं 444 चिकित्सक, 1174 नर्सिंग कार्मिक, 92 मंत्रालयिक कार्मिक सहित 422 संविदा कार्मिक अवकाश मिले। इस तरह 2132 छुट्टी पर चले गए।

### सुधरने की दी हिदायत

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुदढ़ीकरण और अनुशासन की सुनिश्चितता के मकसद से गुरुवार को सुबह 9 से 9.30 बजे के बीच सम्पूर्ण प्रदेश में यह मॉनीटरिंग के लिए आकस्मिक कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि आकस्मिक निरीक्षण में 294 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 159 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 3 सैटेलाइट चिकित्सालय, 11 उप जिला चिकित्सालय, 10 जिला चिकित्सालयों में अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की।

### 472 संस्थानों में मिली संतोषप्रद सेवाएं

डॉ. माथुर ने बताया कि साफ-सफाई और अन्य सेवाओं के क्रियान्वयन में 31 चिकित्सा संस्थान में सेवाएं उत्कृष्ट, 110 में बहुत अच्छी, 184 चिकित्सा संस्थानों में अच्छी, 147 चिकित्सा संस्थानों में संतोषजनक एवं 5 चिकित्सा संस्थानों में असंतोषजनक सेवाएं पायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान 19 चिकित्सा संस्थानों में अधिकारियों ने कोविड प्रबंधन की दृष्टि से मॉक ड्रिल के जरिये भी संसाधनों की मॉनिटरिंग की।

---

**लोकसभा चुनावों से पहले युवाओं को साधने की कोशिश...**

# राजस्थान में 82 हजार अभ्यर्थी दुबारा देंगे सीएचओ भर्ती परीक्षा

- सीएम ने एसओजी की रिपोर्ट के बाद किया था रद्द
- आरएएस मेंस की परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की मांग

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनावों में प्रदेश के युवा वर्ग को साधने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल ने शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने पेपरलीक होने के बाद रद्द की सीएचओ भर्ती परीक्षा को दुबारा कराने का फैसला लिया है। अब ये परीक्षा तीन मार्च को आयोजित की जाएगी। 3531 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में 82 हजार आवेदन आए थे। स्वास्थ्य विभाग की ये परीक्षा इसी साल 1 फरवरी को आयोजित हुई थी, जिसे लेकर एक महिला अभ्यर्थी ने परीक्षा से पहले फोन पर पेपर आने का आरोप लगाया था। उस समय विपक्ष के रूप में भाजपा ने मामले की जांच करने और परीक्षा को रद्द करने का मांग की थी, ऐसे में भाजपा की नई सरकार बनते ही सीएम भजन लाल ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की बैठक में अधिकारियों को इस परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण पूछते हुए यह भर्ती रद्द करने का प्रस्ताव मांगा था।



### हमें भी तैयारी का मौका मिले

अभ्यर्थी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखते हुए कहा कि यदि राज्य में बेहतर कार्य करने हेतु मंत्रिमण्डल गठन में समय लिया जा सकता है तो क्या हम विद्यार्थी बेहतर तैयारी हेतु समय नहीं मांग सकते....2013 की RAS भर्ती 2016 में पूरी की, 2016 की भर्ती 2019 में पूरी की, 2018 की भर्ती 2021 में पूरी की, 2021 की भर्ती प्रक्षिक्षण प्रारम्भ 2024 में शायद हो पाए। आगे कहा कि जब 2023 की भर्ती में अगर 3 महीने मांग रहे हैं तो इसमें क्या अनुचित है।

### आरएएस मेंस परीक्षा आगे बढ़ाने की मांग की

वही प्रदेश में प्रशासनिक सेवा की सबसे बड़ी परीक्षा आरएएस मुख्य एग्जाम की तारीख आगे बढ़ाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। कई अभ्यर्थी तिथि को आगे बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। वहीं, अब एक अभ्यर्थी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अजीबोगरीब पत्र लिखकर आरएएस मुख्य परीक्षा के लिए ओर अधिक समय देने की मांग की है। इससे पहले कई विधायकों ने भी सीएम भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर मुख्य परीक्षा की तारीख को स्थगित करने की मांग की हैं। अभ्यर्थियों ने प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को ज्ञापन दिया।

### पेपरलीक पर हमलावर रही थी भाजपा

सीएम के इस कदम को पेपरलीक मामलों में ठोस कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय हुए पेपरलीक पर भाजपा ने जमकर हंगामा किया था और अपनी सरकार बनने पर सभी पेपर लीक की जांच करने की कही थी। ऐसे में आगामी लोकसभा चुनावों में मुद्दा बनने से पहले ही इस परीक्षा को रद्द कर सरकार ने युवा वर्ग को अपनी ओर साधने की कोशिश की है। सीएचओ परीक्षा का पेपर लीक मामला सामने आने पर बेराजगार संघ ने भी इस परीक्षा को वापस कराने की मांग की।

### अभ्यर्थियों की विचारित सूची जारी

वहीं राजस्थान लोक सेवा आयोग ने स्वायत्त शासन विभाग के सहायक अभियंता-सिविल के पदों के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत पात्रता जांच के लिए अभ्यर्थियों की विचारित सूची जारी की है। इसमें 110 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए अस्थाई रूप से विचारित सूची में शामिल किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि विचारित सूची चयन या वरियता सूची नहीं है। इसका उद्देश्य मात्र दस्तावेज सत्यापन के माध्यम से चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करना है। अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जाएगी।

---

## खबरों में बेधड़क खबर

### टाइगर ने बना ली ब्रेवो के कारनामों की कुंडली




राजधानी में बैठने वाले एक टाइगर साहब ब्रेवो की कार्यशैली को लेकर काफी खफा हैं। चर्चा है कि ब्रेवो साहब जमीनी माफियाओं को पनाह देकर बेशकीमती जमीनों पर कब्जे करने में माहिर हैं। एक माफिया ने तो ब्रेवो साहब की आलीशान महल बनाने की डिमांड भी पूरी करना शुरू कर दिया। ऐसे में अब टाइगर साहब ने ब्रेवो के कारनामों की पूरी कुंडली तैयार कर ली है। ब्रेवो ने एक थानेदार पर भी दुकानों पर कब्जा कराने का भी दबाव बनाया तो उसने इनकार कर दिया। थानेदार को ब्रेवो को इनकार करना बाद में भारी पड़ गया था।

### तबादलों की एडवांस राशि लेकर आए साहब नहीं लौटा रहे



रेंज से राजधानी में वापस आए खाकी के एक बड़े साहब पुलिस थाना दिलाने के लिए एडवांस ली गई राशि वापस नहीं लौटा रहे हैं। चर्चा है कि साहब ने अपने परिचित से मोटी रकम कुछ गामा रेंक के अफसरों को थाना दिलाने की एवज में ले ली। अब परिचित को साहब राशि नहीं लौटा रहे हैं। साहब के परिचित के पास मोबाइल में लेनदेन के बड़े सबूत हैं। जब परिचित ने विक्टर के पास जाने की धमकी दी तो साहब ने परिचित को बड़े माफिया से फोन कराकर मामला शांत करा दिया। साहब की इस कार्यशैली के चर्चे जोरों पर हैं।

### ऊपर से आए फोन ने गामा की डील बिगाड़ दी



थानों में तैनात गामा पर माफियाओं से मिलीभगत की शिकायतें आम हो गई हैं। चर्चा है कि एक गामा साहब ने बाउंड्रीवाल कराने के लिए बिल्डर से डील कर ली थी। गामा साहब के इशारे पर काम भी शुरू हो गया। लेकिन सामने वाली पार्टी ने एमआई रोड और लालकोठी स्थित सात मंजिला भवन से गामा साहब को कॉल कर दिया। ऐसे में गामा साहब की लाखों की डील पर पानी फिर गया। डील बिगड़ जाने से साहब इनदिनों काफी खफा हैं।

### झूठ बोलना भारी पड़ सकता है लॉयन को




लालकोठी वाली सात मंजिला भवन में बैठने वाले एक लॉयन साहब को 13 साल पहले एक दुष्कर्म के मामले में झूठ बोलना भारी पड़ सकता है। इस पूराने मामले में पूर्व विधायक के पति द्वारा ट्रायल पर लिया गया स्टे खारिज हो गया। उस मामले में तब लॉयन साहब ने टाइगर पद रहते हुए बड़ी लापरवाही बरती थी। बाद में तत्कालीन ब्रेवो ने मामले को संभाला तो टाइगर ने उन्हें ही फंसाने की कोशिश कर दी। अब ब्रेवा साहब पैंथर बन गए हैं। कोर्ट के निर्णय के बाद अब लॉयन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

■ ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता

---

# महिला लाभार्थियों ने सीएम का जताया आभार



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री निवास पर शुक्रवार को 'रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना' की लाभार्थी महिलाएं मिलने पहुंचीं। महिला लाभार्थियों ने 450 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। भजनलाल शर्मा ने सभी महिला लाभार्थी से संवाद कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। उल्लेखनीय है कि रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं चयनित बीपीएल परिवारों की महिलाओं को 1 जनवरी 2024 से रसोई गैस सिलेंडर 450 रुपए में मिल सकेगा। गरीब परिवारों की महिलाओं को धुएं से निजात मिलेगी।

---

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का चित्तौड़गढ़ दौरा**

# जन-जन तक पहुंच रही है मोदी गारंटी वाली गाड़ी: सीपी जोशी

बेधड़क | जयपुर



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी शुक्रवार को अपने लोकसभा क्षेत्र चित्तौडगढ़ के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने भदेसर, चांदोली (छोटी सादड़ी) और बोरखेड़ा (बड़ी सादड़ी) में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लाभार्थियों से संवाद किया। जोशी ने इस अवसर पर अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला कि स्थापना के उपलक्ष में आयोजित 24 कुड़ीय हवन कार्यक्रम में आहूति देकर प्रदेश की खुशहाली के लिए भी प्रार्थना की। सीपी जोशी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में जो विकास के नए आयाम स्थापित किए है उनका प्रतिबिम्ब विकसित भारत संकल्प यात्रा में दिखाई देता है। केन्द्र की लोककल्याणकारी मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से मोदी गारंटी वाली गाड़ी पूरे देश की ग्राम पंचायत में पहुंच रही है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित ना रह जाए। केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को मिल रहा है।

---

**करणपुर चुनाव: उपमुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में की जनसभा**

# महिलाओं की सुरक्षा प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता: दीया कुमारी

बेधड़क | जयपुर

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी शुक्रवार को करणपुर विधानसभा के चुनाव प्रचार में पहुंची। यहां उन्होंने पदमपुरा व गजसिंहपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

दीया कुमारी ने कहा कि प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार है। महिलाओं की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। महिलाओं की तरफ आंख उठाने की हिम्मत अब किसी की नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में महिलाओं पर खूब अत्याचार हुए। महिला अत्याचार में प्रदेश नम्बर वन पर रहा, जो बेहद ही शर्मनाक है। अब प्रदेश में आई बीजेपी की सरकार ने महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा को लेकर कई अहम फैसलें लिए हैं।




### प्रत्येक जिले में होगा महिला थाना

दीया कुमारी ने कहा कि हर जिले में महिला थाना बनेगा। जिससे कि महिलाओं को सुरक्षा मिल सके। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा माताओं-बहनों की चिंता की। 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। संसद और विधानसभा में यह बड़ा अधिकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नशे के खिलाफ कुछ नहीं किया है। भाजपा नशामुक्ति के लिए काम करेगी। सभी मिलकर नशे की बीमारी को जड़ से उखाड़ फेकेंगे।

### फिरोजपुर फीडर की मरम्मत का काम जल्द

दीया कुमारी ने कहा कि इलाके में सिंचाई पानी की समस्या ज्यादा है। फिरोजपुर फीडर की मरम्मत का काम जल्द करवाएंगे। राजस्थान के हक का पानी श्रीगंगानगर तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय सिंचाई मंत्री एक बार पंजाब गए, लेकिन उन्होंने किसानों की समस्या दूर नहीं की। कांग्रेस न तो पानी की समस्या दूर करना चाहती है और न ही सुरक्षा देना चाहती। उन्होंने कहा कि राजस्थान में उन्हें डिप्टी सीएम बनाकर हर बेटी को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि वें ही नहीं बल्कि प्रदेश की हर बेटी डिप्टी सीएम बनी है। प्रदेश सरकार बनाने में प्रदेश के लोगों का योगदान है। धानमंडी में हुई सभा में भाजपा महिला मोर्चा की संतोष अहलावत और भाजपा नेता प्रियंका बैलाण ने भी संबोधित किया।

### पदमपुर में किया रोड शो

इससे पहले डिप्टी सीएम दीया कुमारी शुक्रवार सुबह पदमपुर पहुंची। उन्होंने यहां रोड शो किया। रोड शो दोपहर करीब 12 बजे कस्बे की गिल कॉलोनी से रवाना हुआ। इसके बाद कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए रोड शो गुजरा। इस रोड शो के जरिए दीया कुमारी ने श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर 5 जनवरी को होने वाले चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार सुरेंद्र पाल सिंह टीटी के लिए वोट मांगे। रोड शो का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। कही पर फूलों की बारिश तो कही पर नारेबाजी कर लोगों ने जोरदार उत्साह दिखाया। इस दौरान फूलों से सजी कार में सवार होकर दीया कुमारी ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। कस्बे के अलग-अलग इलाकों से लोग सड़कों पर निकल आए। रोड शो के दौरान पुलिस के जवान डिप्टी सीएम दीया कुमारी की कार के आगे लगातार रास्ता बनाते चल रहे थे।

## जरूरी खबर

### जेडीए ने दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-11 में निजी खातेदारी करीब 1.5 बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी को ध्वस्त और जोन-13 में मेद्यराजसिंहपुरा में आम रास्ते को कब्जा मुक्त कराया। साथ ही निजी खातेदारी की करीब 2.5 बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त किया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-14 के ग्वार ब्राह्मण गांव में अवैध फैक्ट्री-गोदाम निर्माण हो रहा था, जिसे सील किया। वहीं, बालावाला में करीब 1.5 बीघा कृषि भूमि पर बिना भू रूपान्तरण बसाई अवैध कॉलोनी ध्वस्त की गई। वहीं, मेद्यराजसिंहपुरा में खसरा नं. 112 में करीब 800 मीटर आम रास्ते पर अवैध रूप से खेती कर रास्ता अवरुद्ध कर रखा था, जिसे स्टॉफ की निशानदेही पर हटवाया गया।

### बैरिकेड में घुसी कार: एयर बैग खुले, हादसा टला

**जयपुर।** राजधानी में पुलिस की नाकाबंदी में लगे बैरिकेड में एक ओवर स्पीड कार जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि बेरिकेट को 50 फीट तक अपने साथ घसीटते हुए ले गई। हालांकि, टायर ब्लास्ट होने के साथ ही कार के एयर बैग खुलने से बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान नाकाबंदी में तैनात पुलिसकर्मी कार की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। गांधी नगर थाने में ट्रैफिक पुलिस की ओर से मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने बताया कि ओझाजी का बाग कट गांधी नगर मोड पर हेड कॉन्स्टेबल पप्पूराम, कॉन्स्टेबल राजू सिंह और संदीप नाइट नाकाबंदी में तैनात थे। तभी गांधी सर्किल की ओर से आई तेज रफ्तार कार बेरिकेट को 50 फीट तक घसीटते ले गई। टायर ब्लास्ट होने के साथ दोनों साइड के एयर बैग खुल गए। ड्राइवर ने डॉक्टर होने के अलावा कोई जानकारी नहीं दी।

**जेडीए की चार योजनाओं के निवासियों के लिए खुशखबरी,** 100 दिन की कार्ययोजना में शामिल

# तीन माह में मिलेगी 8 पार्कों की सौगात, 61 लाख होंगे खर्च

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण की आवासीय योजनाओं में रहने वाले निवासियों के लिए नए साल पर खुशखबरी आई है। जेडीए इन योजनाओं में आठ पार्क बनाएगा। इसे लेकर जेडीए ने तैयारी शुरू कर दी है। इनमें दो पार्क तो एक माह में ही तैयार हो जाएंगे। इन पार्कों पर सिविल वर्क का काम करीब-करीब पूरा होने को है, वहीं उद्यान शाखा ने भी इन पार्कों में पौधे लगाने का काम शुरू कर दिया है। जेडीए ने अपनी आवासीय योजनाओं में पार्क सहित अन्य सुविधा क्षेत्र की जगह छोड़ रखी है, हालांकि इन आवासीय योजनाओं में लोग लंबे समय से पार्क विकसित होने का इंतजार कर रहे हैं। जेडीए ने आठ पार्कों पर काम शुरू कर दिया है। ये आठ पार्क जेडीए ने 100 दिन की कार्ययोजना में शामिल किए गए है। इनमें सबसे अधिक फायदा निलय कुंज आवासीय योजना और शिव एनक्लेव आवासीय योजना में रहने वाले लोगों को मिलेगा। जेडीए इन योजनाओं में तीन-तीन पार्क विकसित कर रहा है। इनमें दो पार्क तो एक-एक हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हुए हैं। ऐसे में इन आवासीय योजनाओं में रहने वाले लोगों को घर के पास ही पार्क की सुविधा मिलेगी।



### पार्क के साथ अन्य सुविधाएं भी होगी विकसित

जेडीए अधिकारियों की मानें तो इन आठ पार्कों में जरूरत के हिसाब से झूले, जिम, खेल आदि की सुविधा भी विकसित की जाएगी। इससे लोग पार्कों में घूमने के साथ जिम और झूलों का भी आनंद उठा सकेंगे। हालांकि, ये सुविधाएं पार्क के सुविधा क्षेत्र और जरूरत के हिसाब से विकसित की जाएगी। जेडीए दो पार्क का कार्य 30 दिन में पूरा करेगा, जबकि तीन पार्क दो माह में पूरे कर देगा। ऐसे में दो माह में पांच पार्कों की सौगात लोगों को मिल जाएगी, जबकि तीन पार्क तीन माह में तैयार हो जाएंगे।

### किस योजना में कितने पार्क

| | |
|---|---|
| 1. निलय कुंज योजना - | 03 |
| 2. शिव एनक्लेव योजना - | 03 |
| 3. बिंदायका जेडीए स्कीम - | 01 |
| 4. नारदपुरा जेडीए स्कीम - | 01 |

### 270 करोड़ होंगे खर्च

नई सरकार बनने के बाद जेडीए ने 100 दिन की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। इनमें जेडीए ने शहर के नए आठ पार्कों को भी शामिल किया है। सौ दिन में जेडीए 270 करोड़ रुपए सड़कों पर खर्च करेगा। वहीं करीब 61 लाख रुपए पार्कों पर खर्च करेगा। ऐसे में 100 दिन में इन आठ पार्कों की लोगों को सौगात मिल जाएगी।

### ट्रांसजेंडर आवास योजना की मांग

रेनबो एलजीबीटीक्यू प्लस सोसाइटी और एनजीओ वसुधा जन विकास की ओर से ट्रांसजेंडर कोटे में आवास दिए जाने की मांग को लेकर जेडीए आयुक्त जोगाराम को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में रेनबो सोसाइटी की अध्यक्ष ट्रांस नूर शेखावत ने बताया कि ज्ञापन में मांग की गई कि प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत ट्रांसजेंडर्स को आवास योजना में शामिल किया जाए और 2% आवासीय कोटा उनके लिए रिजर्व किया जाए।

**मौसम:** माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज

# राजधानी में सीजन की सबसे सर्द रात 16 से अधिक जिलों में कोहरा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में कोहरे व सर्दी का असर लगातार बना हुआ है। राजधानी जयपुर में सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। शुक्रवार को जयपुर का न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी प्रकार हिल स्टेशन माउंट आबू में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। सीकर के फतेहपुर में पारा 3.8 डिग्री रहा।

उधर, बीकानेर, जैसलमेर में आज न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री सेल्सियस, जबकि जोधपुर में 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। प्रदेश में शुक्रवार को कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे यहां बिजिविलिटी 50 मीटर से कम दर्ज हुई। प्रदेश में शुक्रवार को जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, कोटा, टोंक, बूंदी के अलावा उत्तरी राजस्थान के बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, सीकर, चूरू के एरिया में भी कोहरा छाया रहा। तेज सर्द हवा चलने से इन सभी शहरों में सुबह से गलन और ठिठुरन भरी सर्दी रही। इधर, तेज सर्दी के चलते लोगों का जन-जीवन प्रभावित रहा। लोग सर्दी से बचाव के लिए अनाव तापते नजर आए।



### कोहरे के कारण फ्लाइट लेट रवाना हुईं, एक रद्द

कोहरे के कारण शुक्रवार सुबह भी जयपुर एयरपोर्ट पर भी दृश्यता काफी कम रही। जयपुर से स्पाइसजेट की वाराणसी जा रही फ्लाइट कोहरे के कारण डेढ़ घंटा लेट उड़ान भर सकी। वहीं, इंडिगो की फ्लाइट जो सुबह 9:05 बजे देहरादून के लिए रवाना होने वाली थी, वह 10:30 बजे रवाना हो पाई। इसी तरह स्पाइसजेट की दुबई की फ्लाइट जो सुबह 9:25 बजे की बजाय 11:25 बजे उड़ान भर सकी। इसके साथ ही चंडीगढ़ की रुटीन फ्लाइट जो सुबह 9:45 बजे की जगह 11:05 बजे रवाना हुई। वहीं, भोपाल के लिए इंडिगो की फ्लाइट को आखिरी समय पर रद्द कर दिया गया। इसके साथ ही लगभग आधा दर्जन फ्लाइट अपने निर्धारित वक्त से लेट चल रही हैं।

### सर्द हवाओं के कारण बढ़ी ठिठुरन

प्रदेश में शुक्रवार को घने कोहरे और सर्द हवाओं के कारण गलन और ठिठुरन हो गई। राजधानी जयपुर में भी शुक्रवार को घना कोहरा रहा। सुबह जयपुर शहर और ग्रामीण इलाकों में कोहरे के कारण विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम रही। सर्दी से बचने के लिए लोगों को अलाव जलाने पड़े। जयपुर में रात से कोहरा छाना शुरू हो गया था, जो शुक्रवार सुबह भी बना रहा।

### आज से शुरू हो सकता है बारिश का दौर

प्रदेश में 30 दिसंबर से मौसम में बदलाव आ सकता है। प्रदेश के उदयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग के जिलों में बादल छा सकते हैं। इसके अलावा कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी हो सकती है। 31 दिसंबर और एक जनवरी को भी इन इलाकों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिन उदयपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां और कोटा जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है।

**रंग लाया सर्वे अभियान**

# 1500 हुए रेगुलाइज पानी के 200 अवैध कनेक्शन काटे गए




**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में पानी की आपूर्ति पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जलदाय विभाग की ओर से शुरू किया गया नल कनेक्शनों का सर्वे अभियान धीरे-धीरे रंग ला रहा है। इसके चलते करीब 1500 लोगों ने नल कनेक्शनों को रेगुलाइज करने के लिए फाइल विभाग में जमा कराई है, वहीं 225 के करीब अवैध नल कनेक्शनों को काट दिया गया। इन कनेक्शनों में घरेलू के साथ-साथ व्यवसायिक श्रेणी के कनेक्शन भी शामिल हैं।

गौरतलब है कि जलदाय विभाग ने 18 दिसंबर से नल कनेक्शनों का सर्वे अभियान शुरू किया था। इस दौरान दौरान जलदाय विभाग, नगर निगम व पुलिस की संयुक्त टीमों ने फील्ड में जाकर नल कनेक्शनों की जांच कर जानकारी जुटाई। इस बारे में जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि सर्वे अभियान में कई घरों के नल कनेक्शन फर्जी पाए गए। इस पर इन लोगों को अवैध कनेक्शन हटाने के लिए चेताया गया, लेकिन पानी की आवश्यकता रहने के कारण इन लोगों ने अपने कनेक्शन रेगुलाइज करवाने की ईच्छा जताई।

राठौड़ ने बताया कि दिसंबर माह में कर्मचारियों के छुट्टी अधिक लेने के कारण सर्वे अभियान थोड़ा धीमा रहा, मगर नए साल में जनवरी में अभियान में फिर से तेजी लाकर नल कनेक्शनों की सही पहचान करेंगे। गौरतलब है कि जयपुर के आगरा रोड़, जगतपुरा, आमेर और खो-नागोरियान में लोगों ने बड़ी संख्या में अवैध नल कनेक्शन कर रखे हैं।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**निगम का बायोफ्यूल इंडिया के साथ समझौता**

# बायोक्लीन ई-टैंक करेंगे शहर में सफाई

**बेधड़क** | जयपुर

शहर को साफ सुथरा बनाए रखने के साथ-साथ, हरा-भरा बनाने के लिए हेरिटेज निगम ने बायोफ्यूल इंडिया के साथ समझौता किया है। आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि बायोफ्यूल इंडिया के साथ समझौता किया है और दो बायोक्लीन ई-टैंक लगाए हैं, जिन्हें सीएसआर फंड के माध्यम से सफाई और स्वच्छता के लिए जयपुर के नगरपालिका क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। प्रत्येक बायोक्लीन ई-टैंक विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। तीन पहियों वाला इलेक्ट्रिक वाहन प्रेशर वॉशर की एक इकाई, वैक्यूम सक्शन मशीन, पानी की टंकी और एक सीवेज संग्रह टैंक से लैस है।



प्रत्येक वाहन में स्थानीय एसटीपी से पुनर्नवीनीकरण पानी का उपयोग करके बिजली धोने, वैक्यूम बनाने और कचरा उठाने की नवीन क्षमता होगी। उन्होंने बताया कि भारत में विकसित और निर्मित, ये वाहन पर्यावरण के अनुकूल और बैटरी संचालित हैं, जिन्हें सड़कों, फुटपाथ, डिवाइडर और बगीचों के आसान संचालन और कुशल सफाई के लिए डिजाइन किया गया है।

**साल के आखिरी पुष्य नक्षत्र में मंदिरों में आयोजन**

# गजानन का पुष्य अभिषेक, चोला चढ़ाया

**बेधड़क** | जयपुर

साल के आखिरी पुष्य नक्षत्र पर शुक्रवार को शहर के गणेश मंदिरों में प्रथम पूज्य का पंचामृत अभिषेक किया गया। गणेशजी महाराज को फूल बंगले में विराजमान किया गया। साथ ही अथर्व शीर्ष के पाठ, गणपति अष्टोत्तरशत नामावली पाठ और गणपति स्त्रोत से भगवान गणेश को रिझाया गया। इस दौरान भक्तों को रक्षासूत्र बांटे गए। वहीं, इस अवसर पर मोती डूंगरी गणेश मंदिर में शुभ योग में भगवान गणपति का पंचामृत अभिषेक किया गया।



मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में महंत कैलाश शर्मा के सान्निध्य में भगवान का 151 किलो दूध, 21 किलो बूरा, 21 किलो दही, शहद, सवा पांच किलो किलो घी से तैयार पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान गणपति का गुलाब जल और केवड़ा जल से अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद गणेशजी महाराज को मोदक अर्पित किए गए।

### अन्य जगहों पर भी हुआ आयोजन

इनके अलावा राजधानी के अन्य प्रमुख गणेश मंदिरों में शामिल सूरजपोल बाजार स्थित श्वेत सिद्धि विनायक गणेशजी मंदिर में वेदमंत्रों के बीच भगवान का दुग्धाभिषेक किया गया। इसके बाद विशेष पूजन हुआ। वहीं, महालक्ष्मी की प्राप्ति के लिए हवन भी किया गया। इसी तरह चांदपोल परकोटे वाले गणेशजी में भी गजानन का पुष्य अभिषेक किया गया और सिंदूरी चोला धारण कराकर भोग लगाया।

**सर्दी बढ़ते ही बढ़ी डिमांड, बाजार में मिल रहे छह हजार रुपए किलो के भाव**

# कोरोना के बाद इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए लोग खा रहे जड़ी-बूटी के लड्डू

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में सर्दी से निजात पाने के लिए लोग आयुर्वेद लड्डू खाना पसंद कर रहे हैं। कोरोना के बाद इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए लोगों का रुझान इस ओर बढ़ा है। राजधानी के बाजार में इस तरह के लड्डुओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। यही वजह है कि बाजार में 100 से अधिक तरह से लड्डू बनाए जा रहे हैं। बच्चों को ध्यान में रखते हुए चॉकलेट लड्डू भी बाजार में मिल रहे हैं। इन लड्डुओं में भी ऐसी जड़ी बूटियों का प्रयोग किया जाता है, जिनकी तासीर गर्म होती है। बातचीत में दुकानदारों ने स्वीकार किया कि हर किस्म के लड्डू की अलग खासियत है। इनका स्वाद भाता है और इसमें मौजूद औषधीय





गुण बीमारी में भी लाभदायक होते है। कई दुकानों से तो फ्रांस, जर्मनी और इंग्लैंड में भी लड्डू जाते हैं। इन लड्डुओं की खासियत यह है कि ये दो माह से चार माह तक खराब नहीं होते।

### ये लड्डू खा रहे शहरवासी

शहरवासियों को सर्दी में ये आयुर्वेदिक लड्डू खासे पसंद आ रहे हैं। वे ऑर्डर देकर भी अपनी पसंद के लड्डू बनवा रहे हैं। इसके साथ ही इन लड्डुओं में औषधीय गुण होने के कारण कई बीमारियों में लोग इन्हें अपने सगे-संबंधियों को भी भिजवा रहे हैं। शहरवासियों को वैसे तो सभी तरह के लड्डू पसंद आ रहे हैं, लेकिन इनमें खासतौर पर ड्राई फ्रूट गोंद लड्डू, मेथी लड्डू, खजूर मखाने लड्डू, काजू अंजीर लड्डू, सोंठ लड्डू, अजवाइन लड्डू, अमलतास लड्डू, बबूल की फली के लड्डू, बड़ के दूध के लड्डू, चॉकलेट लड्डू, पान लड्डू, कपूर के लड्डू, तिल बाजरे के लड्डू और दूध लड्डू भा रहे हैं।

### विशेष विधि से बनाए जाते हैं लड्डू

बड़ के दूध का लड्डू एक विशेष विधि से बनाया जाता है। इस लड्डू को बनाने में 20 से 25 दिन लग जाते हैं। इसके औषधीय गुण शरीर की दुर्बलता को दूर करते हैं। बड़ के दूध को राजस्थान के कई ग्रामीण इलाकों से मंगवाया जाता है। बड़ के पेड़ की जड़ को जमीन से 3 फीट नीचे खोद कर निकला जाता है। जड़ के बाहर निकलते ही उसमें से दूध निकलता है, जिसे भेड़ बकरियां चराने वाले चरवाहे बोतल में लेकर बेचते हैं। इस दूध की भी काफी डिमांड रहती है। बाजार में ये दूध करीब 13000 रुपए किलो में बेचा जा रहा है। इस दूध के लड्डू को बनाने से पहले करीब 20 से 25 दिन तक नारियल खोपड़े में सुखाया जाता है। दूध के सूखने के बाद विशेष विधि से लड्डू तैयार किए जाते हैं।

### लोगों के ऑर्डर पर भी बनाए जा रहे विशेष लड्डू

जयपुर में 300 प्रकार के लड्डू बनाने का दावा करने वाले मोहन हलवाई ने बताया कि सर्दी में लोगों का खान पान में बदलाव आ जाता है। हर कोई अपनी सेहत को सही रखना चाहता है। लोगों की मांग पर आयुर्वेद से विधि से कई प्रकार के लड्डू बनाए जा रहे हैं। इसमें बड़ के दूध का लड्डू, बबूल की फली, कपूर, अमलतास, गोंद के लड्डू की मांग सबसे ज्यादा है। बड़ के दूध के लड्डू छह हजार रुपए प्रति किलो में मिल रहा है, वहीं अमलतास के लड्डू दमे की बीमारी में फायदेमंद होता है तो कपूर का लड्डू जोड़ों के दर्द के लिए लाभकारी होता है। शहरवासी ड्राई फ्रूट, ब्रास के लड्डू, मैथी लड्डू, खजूर-मखाना, काजू-अंजीर, सौंठ, अजवाइन, पान, कपूर, तिलख् बाजरे से लेकर दूध के लड्डू पसंद कर रहे हैं।

### विदेश में भी बनाए जा रहे हैं ये लड्डू

"आयुर्वेद में भी कई तरह की जड़ी-बूटियों से बने लड्डुओं का जिक्र है, जिनके सेवन से लोग अपने स्वास्थ्य को दुरुस्त रख सकते है। अमलतास के लड्डू दमे की बीमारी में फायदा देता है तो कपूर का लड्डू जोड़ों के दर्द के लिए सही रहता है। इन सभी को एक विशेष विधि से बनाया जाता है। सर्दियों में ये फासदेमंद होते है। आयुर्वेद के गुणों से भरपूर इन औषधि युक्त लड्डुओं को विदेश में भी बनाया जा रहा है। इसके लिए विशेष कारीगरों की सहायता ली जाती है।

**डॉ. पीयूष त्रिवेदी,** आयुर्वेदाचार्य

## जरूरी खबर

### जैसलमेर के तीन खिलाड़ी राजस्थान बास्केटबॉल टीम में



**जैसलमेर।** बास्केटबॉल अकादमी के 14 साल के तीन खिलाड़ियों का राजस्थान की टीम में चयन हुआ है। अब ये तीनों खिलाड़ी नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिला खेल अधिकारी व जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी के कोच राकेश विश्नोई ने बताया कि अकादमी के अभिषेक चौधरी, वैभव मानसिंह शेखावत और मोहम्मद समीर का 14 वर्षीय राजस्थान टीम में चयन हुआ है। राकेश विश्नोई ने बताया कि 67वीं स्कूली राष्ट्रीय प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ में 4 से 7 जनवरी 2024 तक किया जा रहा है।

### हेड कांस्टेबल नवीन को मिलेगा उत्कृष्ट सेवा पदक

**डूंगरपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से प्रदेश के 392 पुलिस कर्मचारियों को अति उत्कृष्ठ सेवा पदक और उत्कृष्ठ सेवा पदक के लिए चयन किया गया है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक जयपुर की ओर से सम्मानित होने वाले पुलिस कर्मचारियों की जारी सूची की गई है। पुलिस महानिदेशक की ओर से उत्कृष्ठ और अति उत्कृष्ठ सेवा पदक के नामों की घोषणा की गई है। डूंगरपुर जिले के साइबर थाने के हेड कांस्टेबल नवीनचंद्र को भी उत्कृष्ठ सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। साइबर ठग के साथ ही कई गिरोह को पकड़ने पर उन्हें इस सम्मान से नवाजा जाएगा।

### पुलिस को हाईटेक सुविधाओं से लैस छह वाहन मिले



**सिरोही।** सिरोही में डायल-112 सुविधा शुरू हो गई है। अब लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल सहायता मिलने लगेगी। पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी ने बताया कि आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों तक तत्काल मदद पहुंचाकर राहत देने के लिए प्रदेशभर में डायल-112 प्रथम प्रतिक्रिया वाहन आवंटित हुए हैं। इसके तहत जिला सिरोही में छह वाहन मिले हैं। बता दें कि वाहन में इमरजेंसी में लोगों को राहत पहुंचाने के काम आने वाले कई उपकरण लगे हैं। मुसीबत में होने पर आमजन द्वारा 112 डायल करने पर पुलिस इस वाहन के माध्यम से अविलंब मदद के लिए पहुंचेगी।

## पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र उदयपुर शिल्पग्राम उत्सव, लोकरंग में रंगी लेक सिटी



# रहीस और यारोल के सुपर फ्यूजन ने जीते दिल

## फ्रांस के रॉक स्टार यारोल पौपौड और जयपुर के धोद ग्रुप की जुगलबंदी पर झूमे कला प्रेमी

■ दस राज्यों के लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां, साकार की कई लोक संस्कृतियां

बेधड़क | उदयपुर

दो विश्व विख्यात कलाकार जब जुगलबंदी करते हैं यानी उनकी सुपर सिम्फनी होती है, तब हर इंसान थिरकने लगता है और हर जुबां वाहवाह कर उठती है। जी हां, इसकी बानगी शुक्रवार को शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी मंच पर तब देखने को मिली जब जयपुर के धोद ग्रुप और फ्रांस के यारोल पौपौड ने सुपर म्यूजिकल फ्यूजन पेश किया। विश्व प्रसिद्ध कलाकार रहीस भारती के नेतृत्व में धोद ग्रुप ने गुरुवार को अपने ब्रास बैंड से समां बांधा था, उसी ने शुक्रवार को जब फ्रांसीसी रॉक स्टार यारोल पौपौड के साथ अपनी फॉक, बॉलीवुड और वेस्टर्न धुनों और गानों की जुगलबंदी की तो पूरा शिल्पग्राम झूम उठा। यह पहला मौका रहा, जब भारतीय धोद ग्रुप के साथ फ्रांसीसी रॉकस्टार यारोल पौपौड का लाइव कॉन्सर्ट हुआ। पहली मर्तबा रॉक एंड रोल और पारंपरिक राजस्थानी संगीत की संयुक्त प्रस्तुति से ठसाठस भरी दर्शक दीर्घाओं में लोग झूम उठे।



### धोद ग्रुप की ये प्रस्तुतियां रही खास

धोद समूह ने इस सुपर फ्यूजन में राजस्थानी लोक गीत जैसे 'केसरिया बालम,' 'बेगा घर आओ बालम' और 'आओजी आओ धोड़ प्यारो आओजी', जग घुमया थारे जैसा ना कोई... के साथ तबला जैसे वाद्ययंत्रों की खूबसूरत प्रस्तुति दी। परफोरमेंस में ढोलक, करताल, सारंगी का ड्रम और गिटार जैसे रॉक संगीत के इंस्ट्रूमेंट्स के साथ सुंदर मिश्रण हर धुन पर तमाम श्रोता सम्मोहित से हो गए। फ्रांस के रॉकस्टार गायक और गिटारवादक यारोल पौपौड, विक्टर मेकेनिक बेस गिटारवादक, गायक और ड्रमर लुडविग डेल्हबर्ग ने धोद बैंड के साथ बहुत ही शानदार तालमेल पेश करते हुए सुरमई धुनों से समां बांध दिया।

### कलाकारों को किया सम्मानित

प्रस्तुतियों के बाद पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता व अतिथियों ने कलाकारों को पोर्टफोलियो प्रदान किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## 10 राज्यों के लोक नृत्यों ने साकार की लोक संस्कृति

शिल्पग्राम उत्सव की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को मुक्ताकाशी मंच पर कश्मीर से कन्याकुमारी तक की लोक संस्कृति तब साकार हो गई, जब एक के बाद एक दस राज्यों के लोक नृत्यों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गईं। दर्शकों ने दिल थाम कर हर प्रस्तुति का इंतजार किया और फिर उस पर दिल खोलकर दाद दी। लोक कलाकारों ने भी अपने फन का उम्दा जादू बिखेरा। इस दौरान कश्मीर का रौफ डांस, जो वहां वसंत ऋतु उमंग और उत्साह से किया जाता है, पेश किया गया। वहीं, प्रपोजल के प्रतीक छपेली डांस ने उत्तराखंड, हर मांगलिग अवसर पर होने वाले बधाई नृत्य ने मध्यप्रदेश, माधुरी नृत्य ने तेलंगाना, कावड़ी कड़क्कम ने तमिलनाडु और बिहू डांस ने असमिया संस्कृति और प्रकृति को मंच पर जीवंत कर खूब वाहवाही लूटी। इसी तरह, गले में बड़ा पुंग (ढोल) लटका उसे जोरदार ढंग से बजाते हुए नृत्य करते नर्तकों की आकर्षक प्रस्तुति पुंग चोलम डांस ने मणिपुरी, तीन फुट लंबे ढोलों के लिए प्रसिद्ध आदिवासी वांगला डांस ने मेघालय, बधाइयों और खुशियों के प्रतीक गिद्दा डांस ने पंजाबी तथा हरियाणवी घूमर ने हरियाणा की कल्चर से दर्शकों को रू-ब-रू कराया।





### 30 दिसंबर को समापन के विशेष आकर्षण

1. उत्सव के समापन दिवस पर शनिवार को रहीस भारती के निर्देशन में धोद समूह के 45 कलाकारों सहित देशभर के 250 से अधिक कलाकार एक सुपर फ्यूजन पेश करेंगे। इस परफोरमेंस में पुर्तगाल से आईं आर्टिस्ट कृतिका ठाकुर और यारोल पौपोड भी शामिल होंगे।

2. **राम की शक्ति पूजा:** शिल्पग्राम उत्सव के समापन दिवस पर प्रसिद्ध नृत्य निसंगीता शर्मा के निर्देशन में नृत्य नाटिका 'राम की शक्ति पूजा' की प्रस्तुति दी जाएगी। अन्वेषणा सोसाइटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट की संस्थापक-निदेशक संगीता शर्मा ने साढ़े तीन दशक से अधिक समय से विश्व के कई देशों में अपनी परफोरमेंस से प्रसिद्धि पाई है। वे कथकाली, कलरिपयट्टु नृत्यों और योग की गुरु हैं।

**अब बार-बार इंजन बदलने की नहीं पड़ेगी जरूरत**

## जोधपुर से चलेगी इलेक्ट्रिक ट्रेन

बेधड़क | जोधपुर

जोधपुर रेलवे मंडल में पहली बार किसी ट्रेन को पूरे इलेक्ट्रिक ट्रैक पर दौड़ाया गया है। अब मुंबई से बीकानेर वाला पूरा रूट इलेक्ट्रिक इंजन पर दौड़ेगा। इससे पहले इस रूट पर डीजल औ इलेक्ट्रिक दोनों इंजन चलाना पड़ता था। दरअसल, शुक्रवार को पहली बार दादर से जाने वाली बीकानेर-दादर रणकपुर एक्सप्रेस को इलेक्ट्रिक ट्रैक पर दौड़ाया गया। डीआरएम पंकज कुमार ने बताया कि अब यह ट्रेन एंड टू एंड इलेक्ट्रिक ट्रैक पर चलेगी। यानी अब बीकानेर से दादर तक रणकपुर एक्सप्रेस के बार-बार इंजन नहीं बदलने होंगे। इस ट्रैक पर ट्रेन को करीब 110 किमी की स्पीड से दौड़ाया गया। डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को ट्रेन 14708/14707 दादर-बीकानेर-दादर रणकपुर का जोधपुर से बीकानेर के बीच इलेक्ट्रिक लोको से सफलतापूर्वक चलाई गई। ट्रेन जोधपुर से सुबह 7.35 बजे रवाना होकर 11.22 बजे बीकानेर पहुंच गई। अब यह ट्रेन आवागमन में एंड टू एंड स्टेशनों के बीच इलेक्ट्रिक ट्रैक पर दौड़ा करेगी। इससे पहले बीकानेर तक जाने वाली ट्रेनों के दो बार इंजन बदलने पड़ते थे।



**पूर्व क्रिकेटर ने पुष्कर सरोवर में की पूजा-अर्चना**

## भारतीय टीम का भविष्य बहुत सुनहरा: शर्मा

बेधड़क | अजमेर

लंबे समय तक भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे क्रिकेटर और पूर्व मुख्य राष्ट्रीय चयनकर्ता चेतन शर्मा ने सपत्नीक पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना की, साथ ही जगतपिता ब्रह्मा का आशीर्वाद लिया। उन्होंने ब्रह्मा जी की पहली पत्नी सावित्री माताजी के दर्शन भी किए।

शर्मा ने पुष्कर सरोवर के ब्रह्म घाट पर पूजा अर्चना कर देश और दुनिया में खुशहाली और समृद्धि की कामना की। पंडित गिरिराज पाराशर ने शर्मा को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सरोवर की पूजा अर्चना करवाई। यहां पर शर्मा ने अपने फैंस के साथ सेल्फी भी ली। सरोवर पूजा के बाद शर्मा ने ब्रह्माजी और सावित्री माता का आशीर्वाद भी लिया। पत्रकारों से बातचीत में शर्मा ने कहा कि भारतीय टीम का भविष्य बहुत सुनहरा है। हर खेल में हार जीत चलती है, लेकिन भारतीय टीम का दबदबा बना रहेगा और तीनों फार्मेट में वह अव्वल रहेगी।





शर्मा ने कहा कि राजस्थान ने राहुल चाहर, दीपक चाहर, रवि बिश्नोई जैसे बेहतरीन खिलाड़ी देश को दिए हैं और हाल ही में राजस्थान की टीम विजय हजारे ट्राफी के फाइनल में भी पहुंची है।

इसलिए देश का भविष्य भी बहुत अच्छा है और आने वाले समय में राजस्थान से कई खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। ऐसे ही देश के सभी प्रदेश अगर खिलाड़ी देना शुरू करे तो देश का क्रिकेट में सुनहरा भविष्य होगा। शर्मा के साथ देश को विराट कोहली जैसा कोहिनूर देने वाली गाजियाबाद में कोचिंग एकेडमी चलाने वाले कपिल अरोड़ा भी साथ रहे।

**उदयपुर को दो बड़े प्रोजेक्ट की जनवरी में मिलेगी सौगात**

# नीमच माता मंदिर तक रोप वे तैयार, जल्द मिलेगी सुविधा

बेधड़क | उदयपुर

वर्ष का अंतिम हफ्ता चल रहा है। रविवार को सप्ताह खत्म होते ही नया साल आ जाएगा। सभी छुट्टियों में घूमने के लिए निकले। वहीं उदयपुर की बात की तो यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आए हुए हैं। इन पर्यटकों और उदयपुर के लोगों को नए साल के पहले माह जनवरी में दो बड़े प्रोजेक्ट की सौगात मिलने वाली है।

इसमें से एक का तो पीएम नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था। इन दोनों प्रोजेक्ट के मिलने पर यहां आने वाले पर्यटकों को बड़ी सुविधाओं मिल जाएगी। जानिए क्या है बड़े प्रोजेक्ट। उदयपुर में पहले बड़े प्रोजेक्ट की बात की तो यहां धार्मिक स्थल से जुड़ा हुआ है। उदयपुर शहर के बीच पहाड़ी पर प्रसिद्ध नीमच माता मंदिर है। जहां करीब 700 मीटर खड़ी चढ़ाई कर दर्शन करने जाना पड़ता है। ऐसे में सुविधा के लिए यहां रोप वे बन चुका है।

### इससे पहले भी हैं यहां रोप वे

रोप वे का उद्घाटन 14 जनवरी के बाद कभी भी हो सकता है। दूसरा रोप वे इसलिए क्योंकि यहां पहाड़ी पर ही करणी माता मंदिर है जहां अभी रोप वे चल रहा है। ऐसे में राजस्थान का एक मात्र शहर हो जाएगा जिसमें दो रोप वे है। रोपवे को रोड से पहाड़ी तक ले जाने के लिए 4 पिलर लगाए गए हैं, जिसमें सबसे ऊंचा 20 मीटर का है। इसमें एक साथ 16 ट्रोलिया लगाई जाएगी। रोप वे से फतह सागर झील का खूबसूरत नजारा दिख जाएगा।



### उदयपुर से अहमदाबाद पर दौड़ेगी इलेक्ट्रिक ट्रेन

सालों से उदयपुर और गुजरात के लोगों की बड़ी मांग थी कि उदयपुर और अहमदाबाद के बीच ब्रॉडगेज लाइन हो। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी हरी झंडी देकर शुरुआत की थी। इसके बाद उदयपुर से अहमदाबाद तक विद्युतीकरण लाइन की शुरुआत हुई जो कि जनवरी में सौगात मिल जाएगी। यहां इस लाइन पर अब विद्युत इंजन वाली ट्रेन दौड़ेगी। इसका काम पूरा हो चुका है और जनवरी में शुरुआत होने की पूरी संभावना है। एक दिन पहले ही सीआरएस निरीक्षण हुआ है। इसकी फाइनल रिपोर्ट जमा होते ही ट्रेन दौड़ेगी। यह पूरा ट्रैक करीब 300 किमी का है जिसमें से 100 किमी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है।

**कार्यकर्ताओं में आक्रोश**

## भाजपा जिलाध्यक्ष मोदी के साथ दुर्व्यवहार का विरोध

बेधड़क | सीकर

भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मोदी के साथ पार्टी से निष्कासित किए गए पदाधिकारियों द्वारा दुर्व्यवहार के करने के मामले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और गिरफ्तारी की मांग की। कार्यकर्ताओं ने जाट बाजार से लेकर कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकाली।

भाजपा नेता दिनेश जोशी ने कहा कि पार्टी से बर्खास्त हुए भाजपा के पूर्व जिलामंत्री भगवान सिंह घाणा व पूर्व किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिव भगवान बगड़िया ने जिस तरीके से भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मोदी के साथ दुर्व्यवहार किया और उनके साथ गाली-गलौज किया यह निंदनीय है। पार्टी इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

दिनेश जोशी ने कहा कि भगवान सिंह को विधानसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ गतिविधियों में लिप्त होने पर भाजपा प्रदेश कार्यालय ने पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

बदले की भावना रखते हुए भगवान सिंह पहले भी वॉट्सऐप कॉल के माध्यम से पवन मोदी को धमकी दे चुके है। पार्टी के जिलाध्यक्ष के साथ इस तरह का दुर्व्यवहार करना एक सोची समझी साजिश के तहत हुआ है।

**बदलाव: 55 फीसदी अंक के साथ डिग्री ले चुके स्टूडेंट्स को पीएचडी में प्रवेश की छूट**

# यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को दिए एमफिल में प्रवेश रोकने के निर्देश


**बेधड़क** | जयपुर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों से एमफिल कार्यक्रम में प्रवेश बंद करने को कहा है। आयोग ने पिछले साल एमफिल कार्यक्रम को बंद करने की घोषणा की थी।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष 7 नवंबर को यूजीसी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रियाएं) विनियम, 2022 तैयार किया था। संशोधित पीएचडी पात्रता मानदंड के अनुसार न्यूनतम 75 प्रतिशत अंकों के साथ चार साल की स्नातक डिग्री वाले छात्र या इसके समकक्ष ग्रेड वाले छात्र पीएचडी के लिए पात्र होंगे।

उच्च शिक्षण संस्थानों को उस संगठन के उपयुक्त प्राधिकारी से अंशकालिक पीएचडी कार्यक्रम के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा जहां उम्मीदवार कार्यरत है। इसके अनुसार उम्मीदवार को अंशकालिक आधार पर पढ़ाई करने की अनुमति भी दी गई है। हालांकि एमफिल को खत्म



कर दिया गया है, लेकिन यूजीसी ने उन छात्रों के लिए भारत में पीएचडी प्रवेश लेने का प्रावधान किया है, जिन्होंने किसी विदेशी विश्वविद्यालय में कुल मिलाकर कम से कम 55 प्रतिशत अंकों या समकक्ष ग्रेड के साथ एमफिल पूरा किया है।

### मान्यता प्राप्त नहीं है एमफिल डिग्री



आयोग के मुताबिक एमफिल डिग्री एक मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है। यूजीसी अधिकारियों का कहना है कि यह यूजीसी के संज्ञान में आया है कि कुछ विश्वविद्यालय एमफिल कार्यक्रम के लिए नए आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। इस संबंध में, यह ध्यान में रखना जरूरी है कि एमफिल डिग्री एक मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि वे 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए एमफिल कार्यक्रम में प्रवेश रोकने के लिए तत्काल कदम उठाएं। इसके अलावा, छात्रों को सलाह दी है कि वे एमफिल कार्यक्रम में प्रवेश न लें।

## Yuva स्टोरीज




### बच्चों ने सजाई 'समत्व में एकत्व' की झांकी

जयपुर। नांगल जैसा बोहरा स्थित द भूमिजा मॉडर्न स्कूल का वार्षिक समारोह शुक्रवार को उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान एंटरटेनमेंट के साथ ही भारतीय संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। वार्षिक समारोह 'समत्व में एकत्व' की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने अपनी लाजवाब प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। अतिथि के रूप में पहुंच सीताराम अग्रवाल व राजेन्द्र कुमार हंस ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यथार्थ भारद्वाज, आर्यन गुर्जर व अक्षत शर्मा को खेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्थान संचालक मनोज अमन, अश्विनी अमन और अभिषेक अमन ने छात्रों को आगे बढ़ने का संदेश दिया।



### कैलाश मुक्ति को लेकर किया जागरूक

जयपुर। शास्त्री नगर स्थित महाराजा अग्रसेन सेकंडरी स्कूल के बच्चों को चीन की अनैतिक विस्तारवादी नीतियों के बारे में जानकारी दी गई। श्री खंडेलवाल वैश्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रिंसिपल एवं भारत तिब्बत समन्वय संघ की उत्तर पश्चिम क्षेत्र की महिला अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. नंदा शेखावत ने बच्चों को कैलाश मानसरोवर को चीन के आधिपत्य से मुक्त कराने के लिए प्रतिज्ञा दिलाई। इतना ही नहीं बच्चों को कैलाश मानसरोवर मुक्ति मार्शल महा संकल्प कराकर विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यालय की सचिव कांता गुप्ता एवं समस्त स्टाफ सदस्यों समेत प्रांत मंत्री युवा विभाग मोहित एवं अर्जुन लाल शर्मा भी मौजूद रहे।



### खुशी शेरपा ने कराटे में जीता गोल्ड मेडल

**जयपुर।** बरकत नगर स्थित सेंट जोसेफ अकादमी में कक्षा आठ की छात्रा खुशी शेरपा ने दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित कामा गाता कप 16 चैंपियनशिप कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। खुशी ने 40 केजी कुमिते वर्ग में यह जीत हासिल की। खुशी पिछले दो साल से सेंसेई निर्मल बोहरा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं। खुशी ने बताया कि वो रोजाना सुबह जल्दी उठकर स्कूल जाने से पहले एक घंटे घर पर ही कराटे प्रैक्टिस करती है। स्कूल के बाद भी वो शाम के 7 बजे तक प्रैक्टिस करती है। खुशी खेलकूद के साथ पढ़ाई में भी अव्वल रहती है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधुलता चौधरी ने उन्हें बधाई और आगे की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### एनडीए-सीडीएस के लिए आवेदन 9 जनवरी तक

जयपुर। यूपीएससी के NDA और CDS एग्जाम के लिए 9 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है। कैंडिडेट्स upsc.gov.in पर जाकर परीक्षा का नोटिफिकेशन देख सकते हैं। नेशनल डिफेंस एकेडमी के जरिए आर्मी के लिए कुल 208 पोजिशन हैं। इनमें 10 पोजिशन फीमेल कैंडिडेट्स के लिए हैं। वहीं, NDA के जरिए नेवी की 42 पोजिशन हैं जिनमें 12 पोस्ट्स लड़कियों के लिए हैं। NDA के जरिए एयर फोर्स के लिए 120 पोजिशन में से 6 फीमेल कैंडिडेट्स के लिए रिजर्व्ड हैं। साथ ही नेवल एकेडमी की भी कुल 30 पोजिशन हैं जिनमें से 9 पद फीमेल कैंडिडेट्स के लिए हैं।

**एसजे पब्लिक स्कूल में विंटर फेयर**

# स्टूडेंट्स ने कार्निवल में रची हुनर की सिम्फनी





**बेधड़क** | जयपुर

जनता कॉलोनी स्थित एसजे पब्लिक स्कूल के प्ले ग्राउंड पर शुक्रवार को स्टूडेंट्स के टैलेंट की सिम्फनी सजी। डांस और म्यूजिक की लाजवाब रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ स्टूडेंट्स ने यहां आयोजित विंटर कार्निवल में जमकर एंजॉय किया।

स्टूडेंट्स की प्रतिभा से सजी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही कार्निवल में आयोजित विभिन्न गेम्स, फूड स्टॉल्स, कैमल राइड, मैजिक शो, लाइव म्यूजिक, जॉय राइड्स आदि में स्टूडेंट्स का भारी उत्साह देखने को मिला।

कार्निवल का उद्घाटन प्रसिद्ध समाज सेविका निर्मला पुंगलिया ने किया 1 इस अवसर पर एसएसजेवी शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष सुभाष गोलेछा, सचिव शरद कांकरिया, सह सचिव डॉ. सुनीता जैन, एकेडमिक डायरेक्टर




महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष नरेंद्र श्रीमाल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि निर्मला पुंगलिया ने कहा कि जीवन में ज्ञान के साथ-साथ मनोरंजन भी आवश्यक है और इस तरह की आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और कौशल का निर्माण होता है। कार्निवल के दौरान स्कूल प्रिंसिपल नीरज बेनीवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्टूडेंट्स की गणेश वंदना के साथ हुई।

### डांस के साथ जमा फन का रंग

कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने बॉलीवुड डांस, फोक डांस, ग्रुप डांस आदि की प्रस्तुतियों में अपनी डांस स्किल्स दिखाईं। इस कार्निवल में स्टूडेंट्स के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने विभिन्न झूलों, गेम्स, फूड स्टॉल्स, राइड्स व अन्य एक्टिविटीज का आनंद लिया। गर्ल्स ने बॉलीवुड डांस स्टैप के साथ के मंच पर सतरंगी रंग बिखेरे तो दर्शक उल्लास के रंग में रंगे दिखाई दिए। स्टूडेंट्स ने ग्रुप म्यूजिकल परफार्मेंसेज के साथ ही गिटार, ड्रम, हारमोनियम जैसे कई म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स पर भी अपनी प्रतिभा दिखाई। बॉय्ज के इंलिश सॉन्ग पर किए गए डांस परफोर्मेंस में प्रॉप्स के इस्तेमाल ने हर किसी को अचंभित कर दिया।

### कार्निवल में लोगों ने आर्ट के साथ-साथ फूड को भी किया भरपूर एंजॉय

कार्निवल में स्टूडेंट्स द्वारा कई तरह के स्टॉल्स लगाए गए थे, जिनमें खाने -पीने के साथ साथ विज्ञान और आर्ट से सम्बन्धित स्टॉल शामिल थे। 30 स्टॉल्स के जरिए ज्ञान, विज्ञान, कला और जायके की वैरायटी देखने को मिली। कार्निवल में कई तरह की एक्टिविटीज के तहत लकी ड्रा भी निकाले गए। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। लकी ड्रा का प्रथम पुरस्कार कक्षा 7 के स्टूडेंट प्रवेश के नाम रहा जिन्हें स्कूल द्वारा रेफ्रिजरेटर उपहार में दिया गया। इस कार्निवल में 3500 से अिधक लोगों ने शिरकत की। जर्मनी, फ्रांस व अमेरिका से आए हुए कई विदेशी सैलानी भी इस विंटर कार्निवल में पहुंचे।



**पश्चिम क्षेत्र अंतर विवि प्रतियोगिता**

### आरयू नेशनल इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के खेल परिसर में चल रही पश्चिम क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल (पुरूष) प्रतियोगिता-2023 के चौथे दिन के प्री क्वार्टर मुकाबलों में मेजबान राजस्थान विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। राजस्थान विश्वविद्यालय का मुकाबला मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर से हुआ, जिसे राजस्थान विश्वविद्यालय ने 86-42 से जीता। राजस्थान विश्वविद्यालय टीम के महावीर ने 12, हरीराम ने 8, गौरव ने 7 और अमन ने 6 पॉइंट लिए। खेल बोर्ड सचिव डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि चौथे दिन कोटा विश्वविद्यालय कोटा ने मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर को 94-73 से मात दी। स्वर्णिम गुजरात स्पोटर्स विश्वविद्यालय, गुजरात ने सावित्री फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे को 67-63 से हराया व एमडीएस विश्वविद्यालय, अजमेर ने आईटीएम विश्वविद्यालय, ग्वालियर को 70-59 से हराया।

#### राजस्थान के तीन विवि नेशनल के लिए क्वालीफाई

राजस्थान विश्वविद्यालय सहित राजस्थान के तीन विश्वविद्यालयों की टीमो ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। पश्चिम क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय बॉस्केटबाल (पुरुष) प्रतियोगिता 2023 का समापन समारोह शनिवार को शाम 6 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओलंपियन व अर्जुन अवॉर्डी रामसिंह एवं मेजर ध्यानचंद अवॉर्डी व अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक रामकुमार होंग।

### इग्नू ODL पाठ्यक्रमों के रजिस्ट्रेशन हुए शुरू

**जयपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) ने जनवरी-2024 के ओपन एंड डिस्टेंस मोड और ऑनलाइन मोड पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट ignou.ac.in पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में मास्टर, बैचलर, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा, पीजी सर्टिफिकेट और जागरुकता स्तर के पाठ्यक्रम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त बैचलर ऑफ एजुकेशन, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग और पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन भी लिए जा रहे हैं। पंजीकरण के लिए सेमेस्टर कार्यक्रम शुल्क के साथ पंजीकरण शुल्क अलग से देना होगा जो नॉन रिफंडेबल है।

**फन-एक्टिविटी** **माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव**

# स्टूडेंट्स ने बिखेरे अनूठे टैलेंट के रंग, जीते पुरस्कार

**बेधड़क** | जयपुर

जवाहर नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल का तक्षशिला सभागार शुक्रवार को स्टूडेंट्स के रंगारंग टैलेंट से आबाद रहा। स्कूल के प्राइमरी विंग के बच्चों का वार्षिकोत्सव सुबह व सीनियर विंग के स्टूडेंट्स का वार्षिकोत्सव शाम को ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। प्राइमरी विंग के समारोह के मुख्य अतिथि भगवान महावीर कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के डॉ. नरेश जाखोटिया व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी पुरुषोत्तम बाहेती थे। शाम को सीनियर विंग के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर संजय बियानी व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अभिषेक बाहेती ने भाग लिया। इस



अवसर पर माहेश्वरी शिक्षा समिति व विद्यालय के चैयरमैन केदारमल भाला, वाइस चेयरमैन बजरंग लाल बाहेती, महासचिव शिक्षा मधुसूदन बिहानी, मानद सचिव अमित गट्टानी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शारडा, भवनमंत्री सुमित काबरा, विद्यालय के प्राचार्य अशोक वैद तथा शिक्षा समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में महासचिव शिक्षा बिहानी ने एज्यूकेशन कमेटी ऑफ द माहेश्वरी समाज का विजन तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व शिक्षा के प्रसार के बारे में भावी योजनाओं की परिकल्पना प्रस्तुत की। मानद सचिव ने विद्यालय के मूल उद्देश्यों और लक्ष्य पर केन्द्रित वक्तव्य दिया। प्राचार्य अशोक वैद ने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों की रिपोर्ट पेश की।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं वर्ष भर आयोजित गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने विद्यालय की बहुआयामी पत्रिका ARCHWAY का विमोचन किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय की शिक्षा प्रणाली की प्रशंसा करते हुए छात्रों को समाज व देश की प्रगति में योगदान के लिए प्रोत्साहित किया।

### 'ए न्यू डॉन' नाटक में साकार हुई संघर्ष की गाथा

समारोह का मुख्य आकर्षण स्कूल के नौनिहाल छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रम रहे। समारोह की इन इन्द्रधनुषी प्रस्तुतियों की शुरूआत गणेश वन्दना से हुई और विभिन्न डांस, नाटक, सॉन्ग आदि की परफोर्मेंसेज से परवान चढ़ी। नाट्य प्रस्तुति 'ए न्यू डॉन' में स्टूडेंट्स ने संघर्ष से उत्कर्ष की प्राप्ति का कथ्य प्रदर्शित किया। इस थीम पर आधारित प्रस्तुतियों में छात्र- छात्राओं के भारतीय-पाश्चात्य शैली के नृत्य भी थे। अन्तिम आकर्षक कड़ी के रूप में ऑर्केस्ट्रा की प्रस्तुति रही जिसमें स्टूडेंट्स ने भारतीय व पाश्चात्य दोनों ही वाद्य-यंत्रों के माध्यम से सिम्फनी का अद्भुत संसार रचा। विद्यालय की छात्र-प्रतिनिधि चाहत गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

# हर तीन में से एक महिला लैंगिक हिंसा की शिकार



**अमित बैजनाथ गर्ग**
वरिष्ठ पत्रकार

लिंग आधारित हिंसा किसी व्यक्ति के विरुद्ध उसके लिंग के कारण निर्देशित हिंसा है। वैसे तो महिला और पुरुष दोनों लिंग आधारित हिंसा का अनुभव करते हैं, लेकिन पीड़ितों में अधिकांश महिलाएं और लड़कियां होती हैं। लिंग आधारित हिंसा एक ऐसी घटना है, जो लैंगिक असमानता से गहराई से जुड़ी हुई है और सभी समाजों में सबसे प्रमुख मानवाधिकारों के उल्लंघनों में से एक है। यह मां के गर्भ से मृत्यु तक महिलाओं के पूरे जीवन चक्र में प्रकट होता है। लिंग आधारित हिंसा की कोई सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि नहीं होती तथा यह सभी सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि की महिलाओं और लड़कियों को प्रभावित करती है। प्रत्येक लड़की और लड़के को जीवित रहने और आगे बढ़ने का समान अवसर मिलना चाहिए। बचपन विशेषज्ञ प्रत्येक बच्चे के लिए समान अधिकारों की वकालत कर रहे हैं। फिर भी बचपन से शुरू होने वाला लैंगिक भेदभाव बच्चों से भी उनका बचपन छीन रहा है और उनकी संभावनाओं को सीमित कर रहा है, जिसका दुनिया की लड़कियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एक लड़की को उसके अधिकारों से वंचित किए जाने, स्कूल से रोके जाने, शादी के लिए मजबूर करने और हिंसा का शिकार होने की बहुत अधिक संभावना है। अगर उसकी बात सुनी भी जाती है तो उसे कम महत्व दिया जाता है। बचपन पर यह हमला राष्ट्रों को प्रगति के लिए आवश्यक ऊर्जा और प्रतिभा से भी वंचित करता है।

एक अनुमान के अनुसार, परिवर्तन की वर्तमान दर पर लैंगिक समानता हासिल करने में अभी 200 साल से अधिक का समय लगेगा। लैंगिक समानता अभी सिर्फ अमेरिका में अस्वीकार्य है। हम सभी साथ मिलकर शुरू से ही एक अधिक समान दुनिया बना सकते हैं। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, परंपरागत रूप से समाज में महिलाओं को कमजोर वर्ग के रूप में देखा जाता रहा है। वे घर और समाज दोनों जगहों पर शोषण, अपमान और भेदभाव से पीड़ित होती हैं। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव दुनिया में हर जगह प्रचलित है। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक 2023 में भारत 146 देशों में 127वें स्थान पर है। एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में हर तीन में से एक महिला को अपने जीवनकाल में एक बार अपने साथी के हाथों हिंसा का सामना करना पड़ता है। मतलब अनगिनत महिलाएं कई बार इस पीड़ा से गुजरती हैं।

> *महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध की गई हिंसा का प्रभाव भावनात्मक स्तर पर काफी गहरा होता है और इसके कारण उन्हें अपनी सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक जरूरतों में रुकावटों का सामना करना पड़ता है। दुखद पहलू यह भी है कि एक इंसान अपनी पूरी क्षमता का दोहन नहीं कर पाता। हिंसा पीड़ित लड़कियां और महिलाएं अक्सर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मोर्चे पर पिछड़ जाती हैं और समाज में उनकी भागीदारी पर भी प्रभाव पड़ता है।*

लैंगिक हिंसा एक वैश्विक महामारी है, जहां लगभग 27 प्रतिशत महिलाएं अपने जीवनकाल में कभी न कभी शारीरिक या यौन उत्पीड़न का सामना करती हैं। खासकर दक्षिण एशिया में अंतरंग साथी के हाथों आजीवन घरेलू हिंसा सहन करने के मामले वैश्विक औसत की तुलना में 35 प्रतिशत ज्यादा हैं। इसके लिए पितृसत्तात्मक सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था और रूढ़िगत परंपराएं जिम्मेदार हैं, जो लैंगिक भूमिकाओं को परिभाषित करती हैं। महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध की गई हिंसा का प्रभाव भावनात्मक स्तर पर काफी गहरा होता है और इसके कारण उन्हें अपनी सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक जरूरतों में रुकावटों का सामना करना पड़ता है। दुखद पहलू यह भी है कि एक इंसान अपनी पूरी क्षमता का दोहन नहीं कर पाता। हिंसा पीड़ित लड़कियां और महिलाएं अक्सर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मोर्चे पर पिछड़ जाती हैं और समाज में उनकी भागीदारी पर भी प्रभाव पड़ता है। महिलाओं के विरुद्ध हिंसा अर्थव्यवस्था के लिए भी घातक है। इसके चलते वैश्विक स्तर पर 15 खरब अमेरिकी डॉलर (वैश्विक जीडीपी का 2 प्रतिशत) का नुकसान उठाना पड़ता है।

लिंग आधारित हिंसा के विभिन्न कारणों में सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक कारण हैं। मसलन, भेदभावपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कानून, मानदंड तथा व्यवहार, जो महिलाओं और लड़कियों को हाशिये पर रखते हैं और उनके अधिकारों को मान्यता प्रदान करने में विफल होते हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा को सही ठहराने के लिए अक्सर लिंग संबंधी रूढ़ियों का इस्तेमाल किया जाता है। सांस्कृतिक मानदंड अक्सर यह तय करते हैं कि पुरुष आक्रामक, नियंत्रित करने वाले और प्रभावी होते हैं, जबकि महिलाएं विनम्र, अधीन और प्रदाताओं के रूप में पुरुषों पर निर्भर करती हैं। ये मानदंड एक प्रकार के दुरुपयोग की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। वहीं पारिवारिक, सामाजिक और सांप्रदायिक संरचनाओं का पतन और परिवार के भीतर महिलाओं की बाधित भूमिका अक्सर महिलाओं तथा लड़कियों को जोखिम में डालती है। इसके निवारण के लिए मुकाबला करने वाले रास्तों-तंत्रों के जोखिम एवं सीमा को उजागर करती है।

मीडिया लिंग आधारित हिंसा को सामने लाने, समाधान के विज्ञापन, नीति-निर्माताओं को सूचित करने और जनता को कानूनी अधिकारों के बारे में शिक्षित करने तथा इसे पहचानने में मुख्य भूमिका निभा सकती है। शिक्षा लिंग आधारित हिंसा को शुरू होने से पहले ही रोकने में महत्वपूर्ण उपकरण है। नियमित पाठ्यक्रम, यौन संबंधी शिक्षा, परामर्श कार्यक्रम तथा विद्यालयी स्वास्थ्य सेवाएं, सभी यह संदेश दे सकते हैं कि हिंसा गलत है और उसे रोका जा सकता है। अगर हम सभी मिलकर सामूहिक प्रयास करें तो इस भयावह बीमारी को रोका जा सकता है और महिलाओं तथा लड़कियों को उनके समुचित अधिकार दिलाए जा सकते हैं। समान समाज की परिकल्पना के लिए ऐसा करना हम सभी के लिए बहुत जरूरी भी है और हमें ऐसा करना भी होगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## धारा-370 व 35-ए के समापन के बाद तेजी से बदल रही जम्मू-कश्मीर की सूरत


# कश्मीर में अलगाववादियों पर लगाम



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *हाशिम कुरैशी 1971 में इंडियन एयरलाइंस के विमान अपहर्ताओं में शामिल था। बिलाल लोन पीपुल्स क्रांफ्रेंस के एक अलगाववादी धड़े का नेता है। फारसी का प्राध्यापक रहा अब्दुल गनी बट हुर्रियत का हिस्सा है। इसने कश्मीरी पंडितों के घर जलाने और उन्हें घाटी से बाहर खदेड़ने में अहम् भूमिका निभाई थी। इस कारण इसे 1986 में सरकारी नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था।*

जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी संगठन मुस्लिम लीग को भारत सरकार ने पांच साल के लिए गैर-कानूनी घोषित कर दिया है। इस मुस्लिम कट्टरपंथी संगठन का नेतृत्व जेल में बंद मसरत आलम कर रहा था। केंद्र सरकार द्वारा बीते चार सालों में ऐसे अनेक संगठनों और अलगाववादियों पर शिकंजा कसा है, जो भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहते हुए देश की संप्रभुता और अखंडता को खतरा बने हुए थे। इनमें जमाते इस्लामी कश्मीर, जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट और जम्मू कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी प्रमुख हैं। इन सभी को पाकिस्तान से शह और मदद मिलती रही है। इसीलिए ये पाकिस्तान की भाषा भारत की धरती से बोलते रहे हैं। बावजूद नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारुक अब्दुल्ला कह रहे हैं कि भारत को घाटी में शांति के लिए पाकिस्तान से बात करनी चाहिए, अन्यथा कश्मीर का हाल गाजा पट्टी जैसा हो जाएगा। फारुक को याद रखना चाहिए कि अटल बिहारी वाजपेयी ने इसी नजरिए से पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री परवेज मुशर्रफ से आगरा में बातचीत की थी, लेकिन भारत की इस उदारता का लाभ मुशर्रफ ने कारगिल को गाजा बनाने की नाकाम कोशिश के रूप में दिया था। जिस पड़ोसी देश की नियत ही सही न हो, उससे बात करने का क्या औचित्य? अतएव केंद्र सरकार की कार्रवाई और संदेश एकदम साफ है कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ लगे अलगाववादियों को बख्शा नहीं जाएगा।



अब नरेंद्र मोदी सरकार ने पाकपरस्त अलगाववादियों की सरकारी सुरक्षा और आर्थिक मदद बंद कर इन्हें जेल की चारदीवारी का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया है। 2016 में भाजपा विधायक ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भी पृथकतावादियों पर अरबों रुपए खर्च करने का मुद्दा भी उठाया था। इन नेताओं में ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक, जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष शब्बीर शाह, जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के हाशिम कुरैशी, पीपुल्स इंडिपेंडेंट मूवमेंट के अध्यक्ष बिलाल लोन, और मुस्लिम कांफ्रेंस के अध्यक्ष अब्दुल गनी बट शामिल हैं। इनमें से कई नेता घाटी में आत्मनिर्णय की पैरवी भी करते रहे हैं। जबकि कश्मीर से चार लाख से भी ज्यादा पंडित, सिख, बौद्ध, जैन और अन्य अल्पसंख्यकों को तीस साल पहले विस्थापित कर दिया गया था, उनके प्रति राष्ट्रभक्ति कभी नहीं जताई गई और न ही यहां के बहुलतावादी चरित्र की बहाली की बात करते हैं? हाशिम कुरैशी 1971 में इंडियन एयरलाइंस के विमान अपहर्ताओं में शामिल था। बिलाल लोन पीपुल्स क्रांफ्रेंस के एक अलगाववादी धड़े का नेता है।

फारसी का प्राध्यापक रहा अब्दुल गनी बट हुर्रियत का हिस्सा है। इसने कश्मीरी पंडितों के घर जलाने और उन्हें घाटी से बाहर खदेड़ने में अहम् भूमिका निभाई थी। इस कारण इसे 1986 में सरकारी नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। इन लोगों पर पाकिस्तान से पैसा लेने व आईएसआई के लिए जासूसी करने का भी आरोप है। विडंबना देखिए जो देश-विरोधी गतिविधियों में ढाई-तीन दशक से लिप्त हैं, उन्हें राज्य एवं केंद्र सरकार की तरफ से सुरक्षा-कवच मिला हुआ था। यही नहीं, इन्हें सुरक्षित स्थलों पर ठहराने, देश-विदेश की यात्राएं कराने और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर 2016 के पहले 5 साल के भीतर 560 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके थे। मसलन सालाना करीब 112 करोड़ रुपए इन अलगाववादियों का पृथकतावादी चरित्र बनाए रखने पर मनमोहन सिंह सरकार खर्च करती रही। इनकी सुरक्षा में निजी अंगरक्षकों के रूप में लगभग 500 और इनके आवासों पर सुरक्षा हेतु 1000 जवान तैनात थे। पूरे जम्मू-कश्मीर राज्य के 22 जिलों में 670 अलगाववादियों को विशेष सुरक्षा दी गई थी।

कश्मीर के सबसे उम्रदराज अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी कहते थे, 'यहां केवल इस्लाम चलेगा। इस्लाम की वजह से हम पाकिस्तान के हैं और पाक हमारा है। 'अलगाववादी महिला नेत्री असिया अंद्राबी पाक का कश्मीर में दखल कानूनी हक मानती थीं। कमोबेश यही स्वर यासीन मलिक और मीरवाइज उमर फारुक का था। यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि हम इनकी बदजुबानी भी सह रहे हैं और इन्हें सुरक्षा व व्यक्तिगत खर्च के लिए धन भी मुहैया करा रहे हैं। विश्व में शायद ही किसी अन्य देश में ऐसी विरोधाभासी तस्वीर देखने को मिले? कश्मीरी अलगाववादियों को देश-विदेश में हवाई-यात्रा के लिए टिकट सुविधा, पांच सितारा होटलों में ठहरने व वाहन की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही थीं। स्वास्थ्य खराब होने पर दिल्ली के एम्स से लेकर अपोलो एस्कॉर्ट और वेदांता जैसे महंगे अस्पतालों में इनका उपचार कराया जाता था। इन सब खर्चों को राज्य और केंद्र सरकार मिलकर उठाती थीं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा परिषद में भाजपा सदस्य अजात शत्रु ने इस परिप्रेक्ष्य में 1916 में आश्चर्यजनक खुलासा किया था। उन्होंने बताया था कि पृथकतावादियों को विधायकों, मंत्रियों और विधान परिषद के सदस्यों से कहीं ज्यादा सुरक्षा मिली हुई हैं? बाद में अजात शत्रु ने जो आंकड़े प्रस्तुत किए, उससे सदन अवाक रह गया था। राज्य में कुल 73,363 पुलिसकर्मी 2016 में थे, इनमें से समूचे राज्य के 670 अलगाववादियों की सुरक्षा में 18000 पुलिसकर्मी तैनात थे। राज्य के सर्व शिक्षा अभियान का कुल वार्षिक खर्च 486 करोड़ था, जबकि अलगाववादियों की सुरक्षा पर 560 करोड़ रुपए खर्च हो रहे थे। अलगाववादियों को ठहरने के लिए मंहगे होटलों में 500 कमरे भी आरक्षित रहा करते थे। देश के खिलाफ बगावत का स्वर उगलने वालों को इतनी सुख-सुविधाएं सरकार दे रही थी, तो भला वे अलगाव से अलग होने की बात सोचें ही क्यों? देश की मुख्यधारा में क्यों आएं? राज्य सरकार इस सुरक्षा को उपलब्ध कराने का कारण अलगाववादी नेताओं और आतंकी संगठनों में कई मुद्दों पर मतभेद बताती रही है। इस तकरीर से ही साफ है कि अलगाववादी राष्ट्र या राज्य के नहीं, बल्कि आतंकवादियों के कहीं ज्यादा निकट थे। लिहाजा इनके अलगाव के स्वर को पनाह देना कतई राष्ट्रहित में नहीं था। इनका यह आचरण 'तुम सांप के बिल में हाथ डालो, मैं मंत्र पढ़ता हूं' जैसे मुहावरे को चरितार्थ करता है। 2010 में पुलिस व सेना पर बच्चों, किशोरों और युवाओं से पत्थर फेंकने का तरीका मसरत आलम नाम के अलगाववादी ने इजाद किया था। किंतु इस भारत विरोधी गतिविधि में मसरत की कभी कोई संतान शामिल नहीं रही। इनके सभी बच्चे घाटी से बाहर दिल्ली के मंहगे शिक्षा संस्थानों में पढ़कर भविष्य संवारकर देश-विदेश में नौकरी कर रहे हैं। हालांकि अलगाववादियों पर शिकंजा कसने और धारा-370 व 35-ए के समापन के बाद जम्मू-कश्मीर के आम आदमी का चरित्र तेजी से बदल रहा है और वे मुख्य धारा में आकर भारतीय समरसता में घुलने-मिलने लगे हैं। मुस्लिम लीग की तरह अलगाववादी संगठनों पर लगाम लगाई जाती रही तो वह दिन दूर नहीं जब घाटी की जड़ से अलगाव और आतंकवाद के पोषक तत्व पूरी तरह नेस्तनाबूद हो जाएंगे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# लड्डू निर्माण और लड्डू लेखन!



**पूरन सरमा**
व्यंग्यकार

सर्दियों में लड्डू देसी घी वाले हों तो स्वाद और स्वास्थ्य की बन आती है। पहले हमारे यहां भी लड्डू बना करते थे, पूरा मेवा डालकर। मेरे बच्चे की मां इस लड्डू निर्माण परियोजना से सदैव डरती रहती है। इसके पीछे दो ही कारण मुख्य हैं, एक तो घर में रोटे की लड़ाई और दूसरा इस परियोजना की क्रियान्वितों में होने वाला-शारीरिक कष्ट। लेकिन इस बार बच्चे ने उस दिन जिद कर ली जब एक मासिक पत्रिका से रचना प्रकाशोपरांत सौ रूपए की धनराशि प्राप्त हुई। बच्चा मेरे पास आकर बोला-'पापा, आप इतने बड़े लेखक हैं, क्या हमारे घर में देसी घी के लड्डू नहीं बन सकते? मेरा मतलब सर्दियों में लड्डू -शरीर के लग जाते हैं और व्यक्ति को निरोगी बनाते हैं और मैं निरोगी हो गया तो बी.ए. अंतिम वर्ष की यह परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर सकता हूं।'

मैं बोला-'बेटा लड्डूओं के भरोसे ही तुम्हारी प्रथम श्रेणी अटकी हुई है तो तुम्हारी माताजी को तैयार करो, मैं अभी घी और मेवा लेकर आता हूं। सब्सिडी मनी तो एक मासिक पत्रिका से आ चुकी है, लेकिन मूलधन पचहत्तर प्रतिशत और चाहिए, वह प्राप्त करो, बाकी मैं किसी दैनिक पत्र में लड्डू लेखन करके हथिया लूंगा और इस तरह हमारा घर भी देसी घी की सुगंध से भर सकता है। यदि तुम्हारी माताश्री की भुजाओं में आटा सेंकने का बल बचा हो तो तुम उसका भरपूर लाभ उठाओ।

वैसे वह कमर दर्द की बीमार है, यदि वह हिम्मत जुटा ले तो तुम्हारे लड्डू खाने का सपना साकार हो सकता है।' तभी पत्नी भी वहीं आ गई बोली-'लड्डू तो बना दूंगी, लेकिन आपको इसके निर्माण कार्य में हाथ बंटाना होगा। अकेले यह परियोजना मैं अपने हाथ में नहीं ले सकती। लड्डू खाने को तो सब तैयार हैं, लेकिन मेहनत कोई नहीं करना चाहता। साथ ही आप यह भी वादा कीजिए कि आप लड्डू लेखन करेंगे।' मैं बोला-'लड्डू लेखन ऑर्डर ऑफडेट हो गया है। कौन छापेगा लड्डू पर लिखा निबंध?' पत्नी बोली-'आपके नाम से सब छप जाता है। गत वर्ष भी तो आपने आलू के रायते की विधि लिखकर एक महिला पत्रिका से दो सौ रूपए-झटके थे, ये तो लड्डू लेखन से आराम से चार सौ चित्त होंगे। फिर आप तो एक लेख को कभी-कभी दो बार भी छपवा लेते हैं। इसलिए लड्डू निर्माण का रिस्क लिया जा सकता है।' तभी बच्चा बोला-'लिखने के भरोसे तो इस घर में लड्डू अगले शीतकाल में बनेंगे। आपकी रचनाएं साल-साल भर तक नहीं छपती। फिर पारिश्रमिक भी छपने के छः माह बाद प्राप्त होता है। इसलिए लड्डू निर्माण की सामग्री सेठी स्टोर से उधार ली जा सकती है। उनको हम धीरे-धीरे चुका देंगे।' मैं बच्चे की योजना सुनकर गदगद हो गया और बोला-'वाह बेटा खूब, उधार के लड्डूओं का आनंद ही कुछ और है। मैं अभी सारी सामग्री उधार लेकर आता हूं। तुम्हारा इस 'शीतकाल में लड्डू खाना परम आवश्यक है। तुम मेरा भविष्य हो। आज तुम्हें लड्डू मैं खिलाता हूं, कल जब बुढ़ापा आएगा तो तू हमें खिलाएगा।' इस योजना पर पत्नी ने भी सहमति जताई और उसकी क्रियान्विति के प्रतिफल में हम आजकल सपरिवार लड्डू खा रहे हैं। बच्चे को लड्डू ज्यादा खिला रहे हैं, क्योंकि उसकी कुशाग्रता और श्रेणी इन्हीं पर टिकी है और मैं लड्डू खाते हुए लड्डू लेखन में भी लगा हुआ हूं।

## नॉलेज कॉर्नर: दोनों ट्रेनों के बीच रफ्तार, किराए और कोच का फर्क

# ये अंतर है वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेन में

भारतीय रेलवे ने साल दर साल अपने सिस्टम में बहुत बदलाव किया है। स्टेशनों से लेकर ट्रेनों तक का हुलिया और उनकी व्यवस्था काफी बदली है। इसी साल जनवरी के महीने में प्रधानमंत्री मोदी ने वंदे भारत ट्रेन लांच की थी। यह ट्रेन भारत की सबसे तेज ट्रेन है और इसमें सुविधाएं किसी भी विदेशी ट्रेन से कम नहीं हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने एक और नई ट्रेन का ऐलान किया है। इसका नाम रखा गया है अमृत भारत ट्रेन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अमृत भारत ट्रेन की देशवासियों को सौगात देंगे। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं अमृत भारत और वंदे भारत ट्रेनों के बीच फर्क...

### सुविधाओं से लैस

भारत में बहुत जल्दी एक नई ट्रेन पटरियों पर दौड़ती हुई दिखाई देगी। एक और जहां बंदे बाहर ट्रेन ने सभी भारतीयों को अपना दीवाना बना लिया है तो वहीं दूसरी ओर सरकार ने एक और नई ट्रेन शुरू कर दी है जो सुविधाओं के मामले में वंदे भारत से कहीं भी कम नजर नहीं आती। अमृत भारत ट्रेन में भले ही वंदे भारत ट्रेन की तरह दो इंजन आगे और दो पीछे लगे हो। लेकिन इस ट्रेन में वंदे भारत ट्रेन की तरह ही सारी सुविधाएं मौजूद होंगी। जिसमें मॉडर्न वॉशरूम होंगे। इसके साथ ही हर कोच में सीसीटीवी कैमरा भी होगा। अगर स्पीड की




बात की जाए तो बंदे भारत ट्रेन की उच्चतम स्पीड 130 किलोमीटर प्रति घंटा होगी हालांकि इसका किराया वंदे भारत ट्रेन से काफी कम होगा। ट्रेन में सफर करते समय ट्रेन के शुरू होते ही या रुकने पर तेज झटके लगते हैं। इन झटकों से बचने के लिए इस ट्रेन में सेमीपरमानेंट कपलर लगाए गए हैं, जिसके लगने से ट्रेन में झटके का स्कोप नहीं रहता है। साथ ही, इस ट्रेन में फुली कवर वेस्टिब्यूल रखा गया है।

### मध्यम वर्ग को ध्यान

अमृत भारत ट्रेन को भारतीय रेलवे ने मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए बनाया है। इसीलिए इसमें एक भी एसी कोच नहीं लगाया गया है। इस ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे। जिनमें सिर्फ स्लीपर और जनरल होंगे। इस ट्रेन में 22 कोच होंगे, जिनमें लगभग 1500 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इस ट्रेन में 8 जनरल कोच तथा 14 स्लीपर कोच होंगे। सरकार का कहना है कि आने वाले वक्त में इस ट्रेन में एसी कोच भी नजर आ सकते हैं। खास बात यह है कि वंदे भारत की तर्ज पर अमृत भारत की ड्राइवर सीट को भी डिजाइन किया गया है। इसमें कवच सिस्टम लगाया गया है। इस वजह से अगर सामने से कोई ट्रेन आ रही है तो पहले से कवच के जरिए ड्राइवर को पता चल जाएगा।

### ऐसा होगा ट्रेन का रूट

*भारत की पहली अमृत भारत ट्रेन गोरखपुर और अयोध्या के रूट पर चलाई जाएगी। आज यानी 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद यह ट्रेन गोरखपुर पहुंचेगी। आने वाले कुछ दिनों में यह ट्रेन भारत के अन्य राज्यों और दूसरे रूटों पर भी संचालित की जाएगी।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, कनेक्टिविटी में सुधार और यहां की समृद्ध विरासत के संरक्षण के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। इसी दिशा में कल नवनिर्मित एयरपोर्ट और पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करूंगा। इसके साथ ही कई और विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का भी सौभाग्य मिलेगा।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन नए राजस्थान की पहचान!
स्वावलंबी, सुरक्षित एवं सशक्त नारी, नए राजस्थान की नींव है और उनके उत्थान हेतु हमारी सरकार संकल्पबद्ध है।

**राम-काज के लिए सजने लगी अयोध्या:** नव विकसित रेलवे स्टेशन व हवाई अड्डे का होगा उद्घाटन

# प्रधानमंत्री मोदी आज देंगे 16 हजार करोड़ की सौगात, होगा रोड शो

**एजेंसी** | अयोध्या

राम की नगरिया अयोध्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 30 दिसंबर के प्रस्तावित दौरे के लिए पूरी तरह तैयार है और शहर को फूलों, भित्ति चित्रों और तोरण द्वारों से सजाया जा रहा है। साथ ही शहर में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। प्रधानमंत्री यहां करीब 16 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। एयरपोर्ट से अयोध्या धाम तक 15 किलोमीटर लंबा रोड शो भी करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या का दौरा प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। पीएम मोदी शनिवार को अयोध्या में पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन और नए हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। वह हवाई अड्डे के पास एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री योगी के अलावा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, नागर विमान मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, स्थानीय सांसद और विधायक तथा पार्टी के कुछ पदाधिकारी शामिल



होंगे। रोड शो के दौरान जगह-जगह नागरिक, साधु-संत और वेदपाठी बटुकों की ओर से शंखध्वनि के बीच पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। कई स्थानों पर कलाकार नृत्य और गायन भी प्रस्तुत करेंगे।

### जोरशोर से जारी हैं तैयारियां, पीएम जनसभा को भी करेंगे संबोधित

अयोध्या के मंडल आयुक्त गौरव दयाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा के लिए तैयारियां पूरे जोरशोर से चल रही हैं और पिछले दो दिन से शहर में घने कोहरे के बावजूद सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। दयाल ने कहा, प्रधानमंत्री सुबह करीब 10.45 बजे अयोध्या हवाई अड्डे पर पहुंच सकते हैं। हवाई अड्डे पर उतरने के बाद वह सीधे अयोध्या रेलवे स्टेशन जाएंगे और वहां पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। वह इसके बाद हवाई अड्डे पर लौटेंगे और इसका उद्घाटन करेंगे तथा बाद में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम रेलवे स्टेशन पर नए भवन का लोकार्पण करने के साथ छह वंदे भारत व दो अमृत भारत समेत आठ ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### रामलला की अचल मूर्ति के चयन के लिए मतदान

राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होने वाली रामलला की अचल मूर्ति के चयन को लेकर शुक्रवार को करीब पांच घंटे तक मंथन चला। बाल स्वरूप भगवान राम किस शिला के, किस रंग के व किस रूप के होंगे, इसके लिए आखिरकार वोटिंग करवानी पड़ी। ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने एक, दो व तीन नंबर के क्रम में वोट दिए। इसके बाद टीम ने निर्णय सुरक्षित कर लिया। अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास की सहमति बाकी है। कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि तीनों मूर्तिकारों ने बहुत ही बेहतरीन काम किया है।

**शहर में लगे पोस्टर :** शहर में अनेक स्थानों पर बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए हैं जिनमें प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर और 'पवित्र नगरी अयोध्या में स्वागत है' के संदेश हैं। राम पथ पर एक विशाल पोस्टर में संदेश लिखा है,'प्रभु राम की नगरी में आपका स्वागत है। इसमें उत्तर प्रदेश शहरी विकास विभाग और अयोध्या नगर निगम के नाम हैं।

### राघव चड्ढा को नेता नियुक्त करने का अनुरोध नामंजूर



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राघव चड्ढा को संसद के उच्च सदन में आम आदमी पार्टी (आप) का अंतरिम नेता नियुक्त करने के पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है। सूत्रों के अनुसार धनखड़ ने केजरीवाल को लिखे एक पत्र में कहा, यह पहलू संसद में मान्यता प्राप्त दलों तथा समूहों के नेता और मुख्य सचेतक (सुविधाएं) अधिनियम, 1998 और उसके तहत बने नियमों के अधीन है। अनुरोध, कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप नहीं है, इसलिए स्वीकार नहीं किया जा रहा है। केजरीवाल ने इस महीने की शुरुआत में धनखड़ से चड्ढा को उच्च सदन में आप का अंतरिम नेता नियुक्त करने का अनुरोध किया था क्योंकि सदन में पार्टी के नेता संजय सिंह न्यायिक हिरासत में हैं।

### छत्तीसगढ़ में मंत्रियों के विभागों का हुआ बंटवारा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की कैबिनेट के मंत्रियों के विभागो का बंटवारा हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पास सामान्य प्रशासन, खनिज साधन, ऊर्जा, जनसंपर्क, आबकारी, परिवहन विभाग अपने पास रख रहे है। इसके अलावा अन्य विभाग जो किसी मंत्री को आवंटित नहीं हुए है वो भी मुख्यमंत्री के पास ही रहेगा। दरअसल शुक्रवार शाम को सामान्य प्रशासन विभाग ने मंत्रियों के विभागों की सूची जारी कर दी है। इसमें दोनो डिप्टी सीएम को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। डिप्टी सीएम अरुण साव को लोक निर्माण विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य, नगरीय प्रशासन विभाग का मंत्री बनाया गया है. दूसरे डिप्टी सीएम विजय शर्मा को गृह मंत्री बनाया गया है।

**पीएम मोदी का विपक्षी** गठबंधन पर सियासी प्रहार, कहा...

# लोगों को नहीं चाहिए मिली-जुली सरकार, BJP ही स्वाभाविक पसंद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर देश में बिछ रही सियासी बिसात के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों की मिली-जुली सरकार नहीं चाहिए। उन्होंने इंडिया गठबंधन का नाम लिए बिना कहा, लोगों, विशेषज्ञों और मीडिया के दोस्तों के बीच इस बात पर आम सहमति है कि हमारे देश को मिली-जुली सरकार की जरूरत नहीं है। मिली-जुली सरकार से उत्पन्न अस्थिरता के कारण हमने 30 साल खो दिए।

लोगों ने मिली-जुली सरकार में तुष्टीकरण की राजनीति और भ्रष्टाचार देखा है। उन्होंने दावा किया कि 2024 में भाजपा एक स्वाभाविक पसंद है क्योंकि इससे पहले गठबंधन सरकारों ने दुनिया में भारत की खराब छवि बनाई थी। पीएम मोदी ने इंडिया टुडे ग्रुप से बातचीत में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि मैं एक योजना के साथ काम कर कर रहा हूं. मेरी प्राथमिकता देश को आगे ले जानी की है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। मैं लोगों के अनुभव से सीखता हूं और जो अच्छा होता है, वह काम करता हूं।

हमारा विश्वास इच्छा सूची में नहीं बल्कि कार्य सूची में है। आज सभी क्षेत्रों में बेहतर काम हो रहा है। मेरे सभी फैसलों में देश पहले होता है। मुझे शासन में सुधार लाना पसंद है। पिछले लगभग 10 सालों से विकास का काम तेजी से हो रहा है।



### नई पीढ़ी व नए खून को अवसर देना जरूरी

प्रधानमंत्री ने हाल में तीन राज्यों में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर पार्टी के फैसलों पर कहा कि नई पीढ़ियों और नए खून को अवसर देना जरूरी है। यह लोकतांत्रिक मंथन ही हमारी पार्टी को जीवंत बनाता है और हमारे कार्यकर्ताओं में आकांक्षा और उम्मीदों की लौ जलाए रखता है। उन्हें लगता है कि कड़ी मेहनत के बल पर वे भी पार्टी में ऊपर उठ सकते हैं। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी में यह कोई नया चलन नहीं है। मैं खुद सबसे बड़ा उदाहरण हूं। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री बना तो मुझे पहले कोई प्रशासनिक अनुभव नहीं था। मैं विधानसभा में चुना तक नहीं गया था। ज्ञात रहे कि हाल ही में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में ऐसे चेहरों को मुख्यमंत्री बनाया गया है, जिनके नाम की चर्चा भी नहीं थी।

### कौन होंगे आमने-सामने

**भाजपा नीत राजग**

- (राजग में भाजपा के अलावा एकनाथ शिंदे की शिवसेना,अजित पवार की राकांपा, रामदास अठवाले नीत आरपीआई, अनुराधा पटेल नीत अपना दल आदि पार्टियां हैं।)

**28 विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया**

( इंडिया में कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, आम आदमी पार्टी, उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी, वाम दलों सहित कई अन्य दल हैं शामिल।)

### रोजगार सृजन होगी प्राथमिकता

पीएम मोदी ने कहा कि रोजगार सृजन करना उनकी पहली प्राथमिकता है। निवेश की जरूरतों को पूरा करना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। देश ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल सरकार आर्थिक विकास और रोजगार बढ़ाने पर ध्यान दे रही है।

### गरीबों का विश्वास नहीं तोड़ेंगे

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले राजनीतिक दलों ने गरीबों का विश्वास तोड़ा, लेकिन वह गरीबों का भरोसा नहीं तोड़ेंगे। वहीं पीएम मोदी ने भाजपा की तारीफ करते हुए कहा, भाजपा एक कैडर आधारित पार्टी है। यहां हर कोई जमीनी स्तर से आगे आया और उसका लक्ष्य स्पष्ट है। मैं भी कड़ी मेहनत और समर्पण से ऊपर उठा हूं।

### गांरटी महज शब्द नहीं

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनके लिए गांरटी महज कोई शब्द या एक वादा नहीं है। गारंटी की बात से वह बाध्य हो जाते हैं। यह उन्हें आगे बढ़ने और मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। गांरटी शब्द उन्हें अपना सब कुछ देने के लिए प्रेरित करता है।

**मुख्य सचिवों को** पीएम ने दिया मंत्र

## मुफ्त वाली योजनाओं को हतोत्साहित किया जाना चाहिए

- नागरिकों की जरूरतों के हिसाब से बनें योजनाएं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक में कहा कि सभी योजनाओं को नागरिकों की जरूरत के हिसाब से बनाने की कोशिश होनी चाहिए ताकि सबसे गरीब और आखिरी व्यक्ति को उस स्कीम का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्यों की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाली मुफ्त की रेवड़ी वाली स्कीम को हतोत्साहित किया जाना चाहिए।

चाहे संबंधित राज्य में किसी भी राज्य किसी भी राजनीतिक दल की सरकार हो। उन्होंने कहा कि अब विकसित भारत के लिए एकजुट होने का समय आ गया है और उन्हें छोटी-छोटी चीजों को छोड़ बड़ी चीजों की ओर ध्यान देना चाहिए ताकि बड़ा परिवर्तन लाया जा सके।

लोगों की जिंदगी को और आसान बनाने के साथ जमीन, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और स्कूल जैसे पांच सेक्टर की गुणवत्ता बढ़ाने और उनकी सेवा डिलिवरी को सुगम बनाने के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में 28-29 दिसंबर को राज्यों के मुख्य सचिवों की बैठक आयोजित की गई थी। शुक्रवार की शाम प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ बैठक का समापन किया गया। पीएम मोदी ने मुख्य सचिवों से यह कभी कहा कि वे अगले साल दिसंबर में फिर मिलेंगे। उन्होंने तब तक अर्थव्यवस्था के पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की भी संभावना जताई।

### जीएसटी की चोरी रोकने के उपाय किए जाएं

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने सचिवों से कहा कि वे टैक्स संग्रह को बढ़ाने व लोगों को टैक्स देने के लिए प्रेरित करने के साथ जीएसटी चोरी रोकने के भी उपाय करे। बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में भारत को वैश्विक नेता बनना है और हमें इसे ध्यान में रखकर काम करना होगा। बैठक में जिंदगी को आसान बनाने की दिशा में सभी राज्यों ने आपस में अपने-अपने यहां अपनाए गए मॉडल को भी शेयर किया। प्रधानमंत्री ने सचिवों से अपने-अपने राज्यों के युवा अधिकारियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी कहा।

**जातीय टिप्पणी का आरोप**

## विवाद के बाद असम के सीएम ने मांगी माफी

**एजेंसी** | गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जातिवादी टिप्पणियों वाला एक पोस्ट अपलोड किया था। जिसके बाद मामले को बढ़ता देख अब सरमा ने माफी मांगी है। उन्होंने कहा है कि उनकी टीम ने भगवद गीता के एक श्लोक का गलत अनुवाद किया है। सरमा ने एक पोस्ट में कहा कि वह हर सुबह अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भगवद गीता का एक श्लोक अपलोड करते हैं, जिसमें अब तक 668 श्लोक पोस्ट हो चुके हैं। मेरी टीम के एक सदस्य ने अध्याय 18 श्लोक 44 से एक श्लोक गलत अनुवाद के साथ पोस्ट किया। जैसे ही मुझे गलती का एहसास हुआ, मैंने तुरंत पोस्ट हटा दी... अगर डिलीट की गई पोस्ट से किसी को ठेस पहुंची है, तो मैं ईमानदारी से माफी मांगता हूं। इस पोस्ट में कहा गया था कि ब्राह्मण, क्षत्रियों व वैश्यों की सेवा करना शुद्रों का स्वाभाविक कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव के नेतृत्व में सुधार आंदोलन के कारण असम एक जातिविहीन समाज की सही तस्वीर दर्शाता है।

**सीटों के बंटवारे पर** कांग्रेस जनवरी में शुरू करेगी सहयोगी दलों से बातचीत

# संजय राउत के दावे से महाराष्ट्र में 'इंडिया' में रार!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस ने संकेत दिया है कि वह विपक्षी गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर गठबंधन के घटक दलों के साथ जल्द बातचीत शुरू करेगी। पार्टी जनवरी के पहले हफ्ते में विपक्षी दलों के साथ बैठक करेगी और सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले पर चर्चा करेगी।

कांग्रेस ने गुरुवार को महाराष्ट्र में नागपुर में हैं हम तैयार रैली का आयोजन कर लोकसभा चुनाव के लिए अपने अभियान का शंखनाद किया था, लेकिन महाराष्ट्र में सीटों के बटवारे को लेकर अभी



से सियासी तकरार शुरू हो गई है। दोनों ही दल राज्य में महाविकास अघाडी का हिस्सा हैं। लोकसभा चुनाव के लिए सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति ने राज्यों के पार्टी नेताओं के साथ



शुक्रवार को विचार विमर्श किया। पार्टी शनिवार को भी इस पर मंथन करेगी। कमेटी की ओर से रिपोर्ट कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को सौंपे जाने के बाद साथी दलों के साथ औपचारिक बातचीत अगले सप्ताह शुरू होगी।

### 23 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव: शिवसेना (यूबीटी)

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि हम महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में 23 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे पर चर्चा शून्य से शुरू होगी।राउत ने कहा कि उद्धव ठाकरे सहित शिवसेना के विभिन्न नेता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल के साथ बातचीत कर रहे हैं।

### कांग्रेस सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी: देवड़ा

वहीं , कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा ने पलटवार करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, संजय राउत के अनुसार अपने 40 विधायकों की हार के बावजूद शिवसेना महाविकास अघाडी में सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है। उनका सुझाव है कि कांग्रेस को शून्य सीटों से शुरुआत करते हुए बातचीत शुरू करनी चाहिए। वह उस पार्टी के बारे में बात कर रहे हैं जो महाराष्ट्र विधानसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है और विपक्ष का नेतृत्व कर रही है। देवड़ा ने आगे कहा कि मैं संजय राउत को बताना चाहता हूं कि कोई भी गठबंधन महाराष्ट्र के स्थानीय नेतृत्व से परामर्श के बिना आगे नहीं बढ़ सकता है.

**लोकसभा चुनाव से पहले जदयू में बदली कमान**

# ललन सिंह का इस्तीफा, नीतीश कुमार जनता दल (यू) के नए अध्यक्ष

**एजेंसी** | नई दिल्ली

एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम में शुक्रवार जनता दल (यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। उनके स्थान पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे। ललन सिंह का इस्तीफा पिछले कुछ दिनों की सियासी अटकलों के बाद आया है। इसके साथ ही नीतीश कुमार को विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के साथ सीटों के तालमेल पर और अन्य फैसलों के लिए अधिकृत किया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार अगामी लोकसभा चुनाव से पहले जेडीयू के लिए ये बड़ा कदम है और इसका असर न केवल बिहार बल्कि राष्ट्रीय राजनीति पर भी नजर आ सकता है।

ललन सिंह ने कार्यकारिणी बैठक में अध्यक्ष पद छोड़ते हुए नीतीश कुमार के नाम का प्रस्ताव रखा और कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले इस महत्वपूर्ण मोड़ पर पार्टी को उनके नेतृत्व की आवश्यकता होगी, जबकि वह खुद अपना चुनाव लड़ने में व्यस्त होंगे। ललन सिंह मुंगेर सीट से लोकसभा सांसद हैं। सूत्रों के अनुसार जेडीयू के कई नेताओं का मानना था कि नीतीश





कुमार को 2024 में लोकसभा चुनावों से पहले संगठन की कमान संभालनी चाहिए।

इसके अलावा हाल ही में नीतीश कुमार के साथ बातचीत में पार्टी के कई नेताओं ने ललन सिंह के नेतृत्व की आलोचना की थी। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने पार्टी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हुए फैसले का राष्ट्रीय परिषद की मीटिंग में अनुमोदन किया गया। इसके तहत बैठक में ललन कुमार के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया गया। ऐसे में नीतीश कुमार अब जदयू के नए प्रमुख होंगे।

त्यागी ने बताया कि बैठक में चार राजनीतिक प्रस्ताव पारित किए गए। उन्होंने कहा, जाति आधारित जनगणना को लेकर देशभर में प्रचार प्रसार किया जाएगा। यह विपक्षी इंडिया गठबंधन का भी एजेंडा होगा। नीतीश कुमार जनवरी महीने में जनजागरण के लिए निकलेंगे। इसकी शुरुआत झारखंड से होगी।

इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ सीटों के तालमेल पर और अन्य फैसलों पर नीतीश कुमार को अधिकृत किया गया है। पार्टी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्षी सांसदों को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए जाने की भी निंदा की है।

### अब आगे क्या

नीतीश कुमार जनवरी महीने में जनजागरण का अभियान छेड़ेंगे। झारखंड से करेंगे शुरुआत।

### पार्टी एकजुट, राजग के साथ जाने के कयास न लगाएं जाएं: त्यागी

त्यागी ने भाजपा के साथ गठबंधन को लेकर कहा कि जनता दल यू एकजुट है। राजग में जाने के कयास मत लगाइए। राजनीति में कोई किसी का दुश्मन नहीं होता है। नीतीश कुमार के चेहरे को लेकर केसी त्यागी ने कहा कि मुख्यमंत्री इंडिया गठबंधन के विचारों के संयोजक हैं और इंडिया गठबंधन के विचारों के प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि नीतीश कुमार चुनाव लड़ेंगे या नहीं यह अभी तय नहीं किया गया है।

### राजद-जदयू में कोई विवाद नहीं

त्यागी ने कहा कि राजद और जेडीयू के बीच कोई विवाद नहीं है। बिहार इंडिया गठबंधन के सीट बंटवारे के मामले पर मॉडल बनेगा। वहीं ललन सिंह ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि जो एजेंडा चलाया जा रहा था वह पूरी तरह गलत है, किसी तरह भाजपा या एनडीए के साथ नहीं जा रहे हैं। इंडिया गठबंधन को मजबूत करेंगे।

## जरूरी खबर

### मिजोरम: CBI को जांच से पहले नहीं लेनी होगी मंजूरी




**आइजोल।** मिजोरम सरकार ने राज्य में अपराधों की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सामान्य मंजूरी दे दी है। इसका मतलब है कि अब सीबीआई को जांच से पहले नहीं लेनी राज्य की मंजूरी नहीं लेनी होगी। राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मिजोरम सरकार सीबीआई को मिजोरम में अपराधों की जांच की मंजूरी देती है।

### सुकन्या समृद्धि: नए साल से ब्याज दर 0.20% बढ़ी




**नई दिल्ली।** नए साल से पहले शुक्रवार को केंद्र सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना, तीन वर्ष की सावधि जमा जैसी कुछ छोटी बचत योजना की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के लिए तीन वर्ष की सावधि जमा और सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज में बढ़ोतरी की है। वहीं अन्य छोटी बचत योजनाओं पर दरें बरकरार रखी गई हैं। पहले सुकन्या समृद्धि योजना ब्याज दर आठ फीसदी थी लेकिन 0.20 ब्याज दर की बढ़ोतरी के साथ यह अब 8.2 फीसदी हो गई हैं। साथ ही तीन वर्षीय समावधि जमा पर ब्याजदर को बढ़ाकर 7.1 कर दिया गया है।

### पूर्व नौसैनिकों के मामले में फैसले की कॉपी का इंतजार

**नई दिल्ली।** कतर की जेल में बंद 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को फांसी की सजा से राहत मिलने के बाद शुक्रवार को भारत सरकार ने कहा कि हम मामले को देख रहे हैं, अभी हमें थोड़ा इंतजार करना होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि अभी तक विस्तृत आदेश की कॉपी नहीं आई है? हमारी चिंता 8 भारतीयों और उनके परिवार के हित से जुड़ी हुई है। इस कारण हमें थोड़ा इंतजार करना होगा। हम आपसे आग्रह करेंगे कि अटकलों में शामिल न हों। दरअसल, कतर ने गुरुवार को भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों की मौत की सजा पर रोक लगा दी है। इन सभी को अगस्त में गिरफ्तार किया किया गया था और 26 अक्टूबर में मौत की सजा सुनाई गई थी।

## स्ट्रीट फूड फेस्टिवल: देशभर के व्यंजनों का स्वाद एक जगह





*नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्ट्रीय फूड फेस्टिवल शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने किया। इस फेस्टिवल में देश के हर राज्य की अपनी एक मशहूर डिश प्रस्तुत की जारही है। फेस्टिवल 31 दिसंबर तक चलेगा। यहां देश के 27 राज्यों के 500 से ज्यादा स्ट्रीट फूड का स्वाद चखने को मिलेगा। चित्र में फेस्टिवल में सजी दुकानें।*

### केंद्रीय दिव्यांग कर्मियों को मिलेगा पदोन्नति में आरक्षण



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए अपने दिव्यांगजन कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने का फैसला किया है। केंद्र सरकार के सभी विभागों के सचिवों को जारी आदेश में कहा है कि केंद्र के पदों और सेवाओं में दिव्यांग कर्मचारियों को 30 जून 2016 से 'सैद्धांतिक' आधार पर समूह 'ए' के सबसे निचले स्तर तक पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने पर विचार किया जाएगा, बशर्ते वे पात्रता शर्तों को पूरा करते हों। कार्मिक मंत्रालय ने अतिरिक्त पदों (एक विशिष्ट अवधि के लिए विशेष परिस्थितियों में सृजित स्थायी पद) के सृजन का भी सुझाव दिया है ताकि विभिन्न ग्रेड में अधिकारियों की परस्पर वरिष्ठता प्रभावित न हो और प्रशासनिक असुविधा से बचा जा सके।

### असम में शांति का नया दौर शुरू होने की उम्मीद

# हिंसा को अलविदा, ULFA के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार को असम और पूर्वोत्तर के संबंध में एक बड़ी सफलता मिली है। उल्फा के वार्ता समर्थक गुट ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में केंद्र और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने समझौते का स्वागत किया है और इसे समूचे पूर्वोत्तर और विशेषकर असम के लिए शांति के नए युग की शुरुआत बताया है।



अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में हस्ताक्षरित समझौता, अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले उल्फा गुट और सरकार के बीच 12 साल की बिना शर्त बातचीत के बाद हुआ है। इस समझौते से असम में दशकों पुराने उग्रवाद के खत्म होने की उम्मीद है। राज्य में करीब चार दशक से उल्फा की हिंसक गतिविधियां जारी थीं। बैठक में शाह व सरमा के अलावा गृह सचिव अजय भल्ला, असम के डीजीपी जीपी सिंह सहित उल्फा ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे। परेश बरुआ के नेतृत्व वाला उल्फा का कट्टरपंथी गुट इस समझौते का हिस्सा नहीं है। उसने समझौते में शामिल होने से इनकार कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने इस मौके पर कहा, असम ने लंबे समय से हिंसा को झेला है।

#### मांगों पर कार्यक्रम होगा तैयार, बनेगी कमेटी

गृह मंत्री शाह ने कहा, पूरे पूर्वोत्तर और विशेषकर असम के लिए एक शांति के नए युग की शुरुआत होने जा रही है। गृह मंत्रालय की ओर से आपकी मांग के बगैर ही इन सारी चीजों को पूरी करने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। हम गृह मंत्रालय के अंतर्गत एक समित भी बनाएंगे जो असम सरकार के साथ रहकर समझौते को पूरा करने का प्रयास करेगी। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, आज असम के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम की शांति प्रक्रिया निरंतर जारी है। तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और तीन समझौतों के साथ असम में आदिवासी उग्रवाद समाप्त हो गया है।

#### 1979 में हुआ था गठन

अलगाववादी संगठन उल्फा का गठन अप्रैल 1979 में बांग्लादेश से आए अवैध अप्रवासियों के खिलाफ आंदोलन के बाद हुआ था। फरवरी 2011 में यह दो समूहों में विभाजित हो गया था और अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले गुट ने हिंसा छोड़ दी थी। यह गुट बिना शर्त सरकार के साथ बातचीत के लिए सहमत है। दूसरे उल्फा गुट का नेतृत्व करने वाले परेश बरुआ बातचीत के खिलाफ है।

### 26/11 मास्टरमाइंड के प्रत्यर्पण की मांग

## आतंकी हाफिज सईद भारत को सौंप दे पाकिस्तान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की है। दरअसल, हाफिज सईद 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमले सहित विभिन्न आतंकवादी हमलों के लिए वांछित है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हाफिज सईद भारत में कई बड़े मामलों में वांछित हैं। उसे संयुक्त राष्ट्र ने भी आतंकवादी घोषित किया है। इसलिए, हमने पाकिस्तान सरकार को एक आधिकारिक पत्र और जरूरी दस्तावेजों के साथ भेजे हैं, ताकि सईद को भारत लाकर एक खास मामले में ट्रायल किया जा सके। उस पर पहले से ही कई आरोप हैं और हम इसकी लगातार पाकिस्तान सरकार से शिकायत



कर रहे हैं। यह नया अनुरोध हाल ही में भेजा गया है। बागची ने कहा कि संबंधित व्यक्ति भारत में कई मामलों में वांछित है। वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी भी है।

इस संबंध में, हमने प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार को एक विशेष मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया है। हम उन मामलों पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, जिन मामलों के लिए उसे वांछित माना गया है।

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा: पित्रोदा के बयान से किया किनारा

## खरगे व सोनिया के समारोह में शामिल होने पर अभी फैसला नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन समारोह में शामिल होने पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। हालांकि दोनों नेताओं को आमंत्रित किया गया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इस मामले में उचित समय पर फैसला कर सूचित किया जाएगा। राम मंदिर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा की एक टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर



रमेश ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस पार्टी का आधिकारिक बयान नहीं हैं। बता दें इस सप्ताह की शुरुआत में पित्रोदा ने एक साक्षात्कार में कहा कि क्या राम मंदिर असली मुद्दा है या बेरोजगारी है। इस बयान के बाद से ही राजनीति तेज हो गई है। पित्रोदा के बायन के बाद केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कांग्रेस में हानि, निराशा और भय की भवाना पैदा कर रही है। वहीं भाजपा नेता सुशील मोदी ने पित्रोदा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके जैसे लोगों का देश से कोई संबंध नहीं हैं। ऐसे लोगों ने सदैव ईवीएम और राम मंदिर पर सवाल खड़े किए हैं।

### CEC व EC की नियुक्ति संबंधी बिल को मंजूरी

**नई दिल्ली। संसद** से पारित होने के बाद मुख्य चुनाव और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी बिल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को मंजूरी दे दी। इस कानून से पहले अब तक इन पदों पर नियुक्तियों के लिए नाम सरकार तय करती थी। लेकिन अब इसके लिए एक खोज और चयन समिति के गठन का प्रस्ताव विधेयक भी शामिल किया गया है। विधेयक के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कैबिनेट सचिव के नेतृत्व में एक सर्च कमेटी बनाई जाएगी, जो कि पांच नामों को भेजेगी।

## एयरो इंजिन डिजायन का नया केंद्र शुरू



*बेंगलुरु। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने शुक्रवार को बेंगलुरु में एचएएल के एयरो इंजिन रिसर्च एंड डवलपमेंट सेंटर में नई डिजायन और परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया।*

### नौसेना ने जारी किए नए एपॉलेट्स

# नेवी अफसरों के कंधे पर सजेगी शिवाजी की 'राजमुद्रा'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को एडमिरल, वाइस एडमिरल और रियर एडमिरल स्तर के अधिकारियों के लिए नए एपॉलेट्स (अधिकारियों के कंधों पर लगने वाला बैज) का नया लोगो जारी किया है। नौसेना में ये तीन सबसे ऊंची रैंक होती हैं।

नौसेना ने छत्रपति शिवाजी की राजमुद्रा से प्रेरणा लेते हुए एपॉलेट्स के नए डिजाइन को लॉन्च किया है, जिसे अब इन शीर्ष अधिकारियों को पहनना है। राजमुद्रा पर संस्कृत में शाहसूनोः शिवस्यैषा मुद्रा भद्राय राजते लिखा रहता था। दरअसल,




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 दिसंबर को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में नौसेना दिवस पर एपॉलेट्स के नए डिजाइन को पेश किए जाने का ऐलान किया था। पीएम मोदी पहले ही कह चुके हैं कि गुलामी की मानसिकता वाली निशानियों को आने वाले वक्त में त्याग दिया जाएगा। ये उस दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है।

#### नौसेना ने कहा- एपॉलेट्स दिखाता है हमारी समुद्री विरासत

नए एपॉलेट्स में मराठा शासक शिवाजी की समुद्री विरासत का प्रतिबिंब गुलामी की मानसिकता को छोड़ने की एक कोशिश है। इसे अंग्रेजी राज की नेल्सन रिंग की जगह बदला गया है। नौसेना ने एपॉलेट्स की तस्वीरों को जारी करते हुए कहा कि नया डिजाइन नौसेना ध्वज से लिया गया है और छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित है। यह हमारी समृद्ध समुद्री विरासत को प्रतिबिंबित करता है।

#### नए डिजाइन में क्या है खास

- गोल्डन नेवी बटन- यह गुलामी की मानसिकता को दूर करने के संकल्प को दोहराता है।
- अष्टकोणीय (ऑक्टागोनल): यह आठ दिशाओं का प्रतीक है, जो सेना की सर्वांगीण दीर्घकालिक दृष्टि को दर्शाता है।
- तलवार: यह देश की शक्ति में अग्रणी बनने और प्रभुत्व के जरिए जंग जीतने, विरोधियों को हराने और हर चुनौती पर काबू पाने के नौसेना के उद्देश्य को दिखाती है।
- टेलीस्कोप: यह बदलती दुनिया में दृष्टि, दूरदर्शिता और मौसम पर नजर रखने का प्रतीक है।

#### नाविकों की रैंक की समीक्षा

वहीं, नौसेना ने अंग्रेजों के जरिए विरासत में मिली नाविकों के रैंक की भी समीक्षा कर ली है। नौसेना औपनिवेशिक सैन्य परंपराओं को खत्म करने के बड़े अभियान पर काम कर रही है।

### पूर्व न्यायाधीश कौल ने कहा...

## एनजेएसी को कभी काम करने का मौका नहीं मिला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश संजय किशन कौल ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को कभी काम करने का मौका नहीं दिया गया, जिससे राजनीतिक हलकों में नाराजगी पैदा हुई और उच्च न्यायपालिका के लिए न्यायाधीशों की नियुक्ति करने वाली कॉलेजियम प्रणाली के कामकाज में बाधा उत्पन्न हुई।. वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद नरेन्द्र मोदी सरकार ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम बनाया था। एनजेएसी को न्यायिक नियुक्तियां करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसमें प्रधान न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय के दो वरिष्ठ न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री और प्रधान न्यायाधीश द्वारा नामित दो अन्य प्रसिद्ध व्यक्ति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा में नेता विपक्ष शामिल थे। हालाँकि, अक्टूबर 2015 में उच्चतम न्यायालय ने एनजेएसी अधिनियम को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया था। पूर्व न्यायाधीश कौल ने एक साक्षात्कार में कहा कि यह स्वीकार करना होगा कि कॉलेजियम प्रणाली में कुछ समस्या है और यह कहना वास्तविक नहीं होगा कि यह सुचारू रूप से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इसे (एनजेएसी) प्रयोग के लिए लंबित रखा जा सकता था।

## 'प्रेम पतंगा' में दिखी मोहब्बत और लाइफ स्टाइल के बीच संघर्ष की कहानी


# कॅरिअर बनाने का दबाव, तो इजहार करने और प्यार को पाने का ख्वाब

**बेधड़क | जयपुर**

कृष्ण मुरारी मध्यम वर्गीय परिवार से है और दिल्ली विश्वविद्यालय से पत्रकारिता की पढ़ाई के दौरान उसे सहपाठी वेदिका से प्यार हो जाता है। वह अपनी भावनाओं को दोस्तों के साथ साझा करता है, लेकिन प्यार का इजहार नहीं कर पाता। एक तरफ मुरारी पर कॅरियर बनाने का दबाव होता है तो दूसरी तरफ इजहार करने और अपने प्यार को पाने का दबाव होता है। ऐसे में धीरे-धीरे कहानी आगे बढ़ती और कई मोड़ लेते हुए अंत तक जाती है, जिसमें कलाकारों ने जीवंत अभिनय से दर्शको को आकर्षित किया।

मौका था जवाहर कला केंद्र की पाक्षिक नाट्य योजना के तहत प्रेम पतंगा नाटक के मंचन का, जिससे रंगायन सरोबार रहा। विमल चंद्र पांडे की कहानी पर आधारित नाटक का निर्देशन सौरभ अनंत ने किया। नाटक कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र मुरारी और वेदिका के प्रेम और संघर्षमयी जीवन की कहानी है। एक यथार्थवादी नाटक है, लेकिन नाटक के बीच-बीच में हास्य और व्यंग्य ने कला प्रेमियों को एंटरटेन किया।

नाटक प्रेम पतंगा में अंकित पारोचे ने मुरारी और श्वेता केलकर ने वेदिका का किरदार निभाया। रंग मंच पर प्रेम पतंगा का 12वां मंचन रहा, जिसने छाप छोड़ी। नाटक को देखने के लिए कला प्रेमियों के साथ अन्य कलाकार, अधिकारी, जयपुराइट्स आदि भी मंच के सामने उपस्थित हुए।





### सुखद नोट्स के साथ अंत

कहानी में कई मोड़ आते हैं और मुरारी प्यार को पाने के लिए कोशिश करता है। नाटक का अंत सुखद नोट्स के साथ होता है, जो दर्शकों को लुभा गया। मधुर लोक गीतों का संयोजन भी नाटक में खास रहा।

### इन्होंने साकार की कला

नाटक में रंग सामग्री व वेशभूषा स्वेता केतकर की रही, जबकि गीत संगीत हेमंत देवलेकर ने दिया। नाटक में लाइव म्यूजिक के साथ शिल्प कला और मूर्तिकला के अंश देखने को मिले।

### जीवंत अभिनय किया

अंश जोशी, रुद्राक्ष भाईरे, शुभम कटियार, ईशा गोस्वामी, स्नेहा बाथरे, कोमल पांडे, जिया, हेमंत देवलेकर, मिलन, आयुष लोखंडे, कैलाश राजेके और दीपक यादव ने सह कलाकारों की भूमिका निभाते हुए अभिनय को जीवंत कर दिया।

## ॐ आश्रम के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण



**बेधड़क. जयपुर।** गुरु महामंडलेश्वर स्वामी महेश्वरानंद महाराज ने राजस्थान के पाली जिले के जाड़न में बन रहे अजूबे ॐ आकार के ॐ आश्रम के उद्घाटन का निमंत्रण मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दिया। निमंत्रण के साथ ब्राह्मी लिपि के राष्ट्रगान तथा सभी प्राचीन लिपियों में ॐ कार भी भेंट किया। विश्व गुरु दीप आश्रम शोध संस्थान के उपाध्यक्ष व संचालक महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी महाराज ने मुख्यमंत्री को बताया कि शोध संस्थान भारत की प्राचीन लिपियों पर कई वर्षों से काम कर रहा है। संस्थान में लिपियों के पाठ्यक्रम संचालित होते हैं। जाड़न में बन रहा ॐ आश्रम अजूबा है, जिसका निर्माण पिछले 25 वर्षों से चल रहा था। अब ॐ आश्रम का उद्घाटन 10 फरवरी से 19 फरवरी तक होगा।

## हेमलता परखेंगी बेस्ट हुनर



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर सहित देश के अनेक शहरों में आयोजित की जा रही ऑफ लाइन अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता 'स्वर माधुरी' का शनिवार को फाइनल राउंड आयोजित किया जाएगा। पार्श्व गायन के लिए 5 बार की फिल्म फेयर अवॉर्ड विजेता हेमलता इसमें भाग लेने वाली देश की 30 प्रतिभाओं में से सर्वश्रेष्ठ का चुनाव करेंगी। ऑफ लाइन टैलेंट हंट का आयोजन गायिका सीमा मिश्रा द्वारा स्थापित सीमा मिश्रा राजस्थान लोक संगीत-कला अकादमी और भारत के प्रमुख राष्ट्रव्यापी साहित्यिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन सम्पर्क क्रांति परिवार के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शाम 5 बजे से आयोजित किया जाएगा।

## मॉडल्स ने बिखेरे खुशियों के रंग

**बेधड़क. जयपुर।** मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम की ग्रूमिंग वर्कशॉप में मॉडल्स ने खुशियों के रंग बिखेरे। चार दिवसीय वर्कशॉप के विभिन्न सेशंस में एक्सपर्ट्स ब्यूटी पेजेंट की फाइनलिस्ट मॉडल्स को ओवर ऑल पर्सनेलिटी डवलपमेंट, हैल्थ एंड फिटनेस, कोरियोग्राफी आदि की प्रेक्टिस करा रहे हैं। फाउंडर डायरेक्टर पवन टांक ने बताया कि टैलेंट राउंड के बाद रविवार को फिनाले होगा, जिसकी विजेता को खिताब दिए जाने के साथ ही क्राउन, शैश, ट्रॉफी, गिफ्ट हैम्पर्स व अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे।

# City इवेंट्स

## भागवत ज्ञानयज्ञ के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** भागवत मिशन परिवार के बैनर तले गिर्राज संघ परिवार जयपुर का 25वां वार्षिकोत्सव 3 से 9 जनवरी तक मनाया जाएगा। गौ माता सेवार्थ होने वाले 108 विशाल श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ के आयोजन में कथावाचक मृदुल कृष्ण गोस्वामी कथा का रसपान कराएंगे। विद्याधर नगर सेक्टर-7 अग्रसेन अस्ताल के पीछे स्थित मैदान पर होने वाले आयोजन का पोस्टर विमोचन किया गया। इस मौके पर गिर्राज संघ परिवार अध्यक्ष मदन सोमानी, मंत्री गिरीष अग्रवाल व संयोजक रामरतन अग्रवाल, आरबी सिंह, महावीर, दीपक, मुकेश शर्मा व शरद केडिया मौजूद रहे।

### 'लोकमान्य तिलक' का मंचन आज

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में शनिवार को स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की स्मृति में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' स्मृति न्यास की ओर से नाटक 'लोकमान्य तिलक' का मंचन किया जाएगा। न्यास अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया, कि 107 वर्ष पूर्व 30 दिसंबर को लखनऊ की सभा में तिलक ने 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, मैं इसे लेकर रहूंगा' कहा था। उद्घोष ने भारतीय जनमानस को स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका निभाने को प्रेरित किया।

### फिल्म गीत कोष का विमोचन आज




**बेधड़क. जयपुर।** फिल्म पत्रकार और इतिहासकार एमडी सोनी के ग्रंथ 'राजस्थानी फिल्म गीत कोश' का विमोचन शनिवार को किया जाएगा। विमोचन हिंदी सिनेमा के राइटर-डायरेक्टर मोहन कविया, कोरियोग्राफर प्रवीण कुमार, राजस्थानी लोक संगीत के मर्मज्ञ केसी मालू, वरिष्ठ फिल्म वितरक नंदू जालानी, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त प्रथम राजस्थानी फिल्मकार अशोक चौधरी करेंगे। राजस्थानी सिनेमा के प्रथम एनसाइक्लोपीडिया और पहली कॉफी टेबल बुक में 1942 से 2022 तक राजस्थानी भाषा-उपभाषा में बनी 233 फिल्मों और उनके 1588 गीतों की शोध परक, प्रामाणिक, समग्र जानकारी शामिल की गई है। फिल्म समीक्षक और ट्रेड एनालिस्ट कोमल नाहटा ने ग्रंथ की भूमिका लिखी है।

## कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने गोकुल माहेश्वरी

# हर दुकान पर एक राम ध्वजा पटका, स्टीकर देने की अपील



**बेधड़क | जयपुर**

गोकुल माहेश्वरी को कैट का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोननीत किया गया। कैट राजस्थान चेयरमैन सुरेश पाटोदिया ने गोकुल माहेश्वरी का कैट से जुड़ने पर आभार जताया। महेश्वरी देश में एडवरटाइजिंग के क्षेत्र में एक बड़ा जाना माना नाम है। उनके जुड़ने से कैट के कार्यों में न केवल राजस्थान अपितु राष्ट्रीय स्तर पर एक नया आयाम मिलेगा। कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि 1 जनवरी से देश भर में अयोध्या धाम में प्रभु राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू हो रहा है। उन्होंने अपील की कि 1 जनवरी को अपने शहर में दुकान-दुकान राम जनसंपर्क अभियान के तहत बाजारों में स्थानीय ट्रेड एसोसिएशन के सहयोग से हर दुकान पर संपर्क किया जाए और हर दुकान पर एक राम ध्वजा व एक पटका दिया जाए तथा स्टीकर व पत्रक दिया जाए। 22 जनवरी को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मंदिर के शुभारंभ को भारत में एक अविस्मरणीय दिन बनाने तथा उस दिन देश भर में दीपावली मनाए जाने को लेकर कनफैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) 1 से 22 जनवरी तक देश के सभी राज्यों में हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या अभियान चलाएगा।

## जैन सोशल ग्रुप संगिनी कैपिटल का आयोजन

# रेड थीम पर लेडीज ने क्रिसमस किया सेलिब्रेट, बांटी खुशियां



**बेधड़क | जयपुर**

रेड थीम पर जब लेडीज ने खुशियों की बानगी पेश की तो हर कोई उनके इस जश्न में शामिल होने के लिए आगे आया। फिर सभी मैंबर्स ने मिलकर इस खुशियों के वीक को सेलिब्रेट किया। नजारा था जैन सोशल ग्रुप संगिनी कैपिटल की ओर से आने वाले नव वर्ष और क्रिसमस फेस्टिवल सेलिब्रेशन का, जिसमें संगिनी कैपिटल अध्यक्ष शकुंतला पांड्या, सचिव अलका गोधा ने मैंबर्स का स्वागत परंपरागत तरीके से तिलक लगाकर किया। ग्रुप की सभी एग्जीक्यूटिव मैंबर ने णमोकार मंत्र का उच्चारण कर शुभारंभ किया।

ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष विनीता जैन ने बताया, कि 10 वर्षों से ग्रुप इसी तरह से कार्यक्रम कर रहा है। ग्रुप की पूर्व अध्यक्ष समता गोदीका, मीना जैन चौधरी, हेमा सोगानी ने हाउजी खिलाई। ग्रुप उपाध्यक्ष नलिनी जैन, संयुक्त सचिव सुनीता काला, कोषाध्यक्ष सुनीता पाटौदी ने कार्यक्रम आयोजित किया तो ग्रुप सदस्य नीलू जैन ने सांता क्लास बनकर उपहार बांटे और एक साथ क्रिसमस भी मनाया गया। सभी ने सांता क्लास के साथ क्रिसमिस मनाया। प्रीति जैन, मंजू बज चंद्ना जैन, मंजू गंगवाल और ग्रुप की सभी सदस्याओं ने मिलकर नृत्य की प्रस्तुति दी।

**पर्यटन** एईई की कार्यकारिणी ने ली शपथ, दिग्गजों ने बताए विजन

# माइस टूरिज्म डेस्टिनेशन के तौर पर प्रमोट होगा राजस्थान

**बेधड़क | जयपुर**

पर्यटन विभाग की ओर से राजस्थान को माइस टूरिज्म डेस्टिनेशन के तौर पर प्रमोट किया जा रहा है।

साल 2024 में पर्यटन विभाग इवेंट मैनेजर्स के साथ मिलकर विभिन्न थीम पर रोड शो आयोजित करेगा और राज्य को नेशनल व इंटरनेशनल लेवल पर पर्यटन के संदर्भ में 'सेफ, सस्टेनेबल व रेस्पॉन्सिबल स्टेट' के तौर पर बढ़ावा दिया जाएगा। यह कहना था राजस्थान सरकार के पर्यटन, कला व संस्कृति विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़ का। वे एसोसिएशन ऑफ इवेंट एंटरप्रेन्योर्स (एईई) की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थीं। सीतापुरा में आयोजित समारोह में उन्होंने नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समीर बाबेल को प्रेसीडेंट, राजेश जैन व अमितेश तालुका सचिव तथा श्रद्धा बिहानी व विक्रांत जैन कोषाध्यक्ष चुना गया है। समारोह में पुलिस महानिदेशक भूपेन्द्र दक गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। राठौड़ ने राज्य को माइस व वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने में इवेंट मैनेजर्स की महत्वपूर्ण भूमिका बताई।




### 5 लाख रुपए किए भेंट

समारोह में इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन प्रेसीडेंट समित गर्ग, फोरम प्रेसीडेंट महावीर शर्मा और नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर के जीएम मनुज रलहान उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत एंकर मन के परिवारजनों को 5 लाख रुपए की राशि का चेक दिया गया। अंत में स्वर युग बैंड की प्रस्तुति हुई।

### कन्वेंशन के लिए तैयार

समारोह में नवनिर्वाचित प्रेसिडेंट समीर बावेल ने कहा कि एईई से जुड़े संस्थान अब नेशनल व इंटरनेशनल लेवल के कन्वेंशन करने को तैयार हैं। 2 वर्ष के एजेंडा में सेफ्टी व नॉलेज पर विशेष फोकस किया जाएगा। सचिव राजेश जैन ने कहा कि आगामी दिनों में राज्य की इवेंट व वेडिंग इंडस्ट्री के हित के लिए कई काम किए जाएंगे। इससे पूर्व एईई के पूर्व प्रेसिडेंट हेमेंद्र सिंह गजावत ने एसोसिएशन के उद्देश्यों की जानकारी दी। पूर्व सचिव विनीत जैन ने बताया कि इवेंट एंटरप्रेन्योर्स के लिए इंश्योरेंस तथा इवेंट फर्टिनिटी व पार्टनर्स की बायर-सैलर मीट की शुरुआत कुछ उल्लेखनीय पहल है।



### यूक्रेन पर रूस का सबसे बड़ा हवाई हमला

# 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, 12 की मौत

**एजेंसी** | कीव

नए साल की शुरुआत से पहले शांति की उम्मीदों के बीच रूस की ओर से यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया गया है। यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस ने 150 से ज्यादा हवाई हमले किए। यूक्रेनी राष्ट्रपति के मुताबिक रूस ने लगभग सभी हथियार का इस्तेमाल कर लिया है। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा है कि रूसी सेना ने कीव में आवासीय इमारतों को मिसाइलों से निशाना बनाया है। इसमें 12 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। शहर के सैन्य प्रशासन ने बताया कि राजधानी में 10 लोग मलबे के नीचे दब गए। वहीं, गवर्नर ने बताया कि निप्रो शहर में एक प्रसूति वार्ड क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

इस बीच, यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्री कुलेबा ने यूक्रेन के सहयोगी देशों से समर्थन बढ़ाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा, लाखों यूक्रेनी लोग शुक्रवार को विस्फोट के धमाकों से जागे। मैं चाहता हूं कि यूक्रेन में विस्फोटों की ये आवाजें पूरी दुनिया में सुनी जाएं।





यह हमला साल के अंत में ऐसे समय में हुआ है, जब रूस के साथ युद्ध में करीब दो साल बाद भविष्य में पश्चिम की ओर से सेना और वित्तीय मदद को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

### देश के कई हिस्सों में बिजली की कटौती

ऊर्जा मंत्रालय ने दक्षिणी ओडेसा, पूर्वोत्तर खार्किव, मध्य निप्रो पेत्रोव्स्क और मध्य कीव के क्षेत्रों में बिजली कटौती की जानकारी दी। यूक्रेन कई हफ्तों से चेतावनी दे रहा है कि रूस देश की ऊर्जा प्रणाली पर बड़ा हवाई हमला करने के लिए मिसाइलों का भंडारण कर सकता है। पिछले साल लाखों लोग अंधेरे में डूब गए थे, जब रूसी बलों ने पावर ग्रिड पर हमला किया था।

### राष्ट्रपति जेलेंस्की का दावा...सैन्य प्रतिष्ठानों को बनाया निशाना

राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम मैसेंजर पर कहा कि रूस ने अपने शस्त्रागार में मौजूद हर चीज से हमला किया। लगभग 110 मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से अधिकांश को मार गिराया गया। यूक्रेन की वायुसेना कमांडर माइकोल ओलेशचुक ने टेलीग्राम मैसेंजर पर इसे 2022 में रूसी हमले के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला करार दिया। वहीं सेना प्रमुख जनरल वैलेरी जालुझनी ने कहा कि हमले में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, औद्योगिक और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। रूस की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।




# चीन में नेवी चीफ डोंग जून बने नए रक्षा मंत्री

### चार महीने पहले गायब हुए डिफेंस मिनिस्टर की ली जगह



**एजेंसी** | बीजिंग

चीन के रक्षा मंत्री चार महीने पहले गायब हो गए थे। अब उनकी जगह राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने डोंग जून को अपना नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया है। चीनी सांसदों की ओर से यह नियुक्ति तब हुई है, जब राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन को एक प्रमुख विश्व शक्ति बनाने के प्रयास के तहत सेना को अपग्रेड किया है। उनके इस कदम ने पड़ोसियों को चिंतित कर दिया है।

चीन के रक्षा मंत्री की भूमिका मीडिया और अन्य सेनाओं के सामने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का चेहरा बनना है। दूसरे देशों के विपरीत चीन में रक्षा मंत्रालय की डिफेंस नीति या सैन्य प्रबंधन में बेहद कम भूमिका होती है।

ये क्षेत्र केंद्रीय सैन्य आयोग के दायरे में होता है, जिसका नेतृत्व शी जिनपिंग करते हैं। 62 साल के डोंग हाल ही में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी प्रमुख थे। ली शांगफू की जगह वह रक्षामंत्री बने हैं। शांगभू ने मार्च में रक्षा मंत्री का पद संभाला था। लेकिन 25 अगस्त के बाद से वह सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दे रहे। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक उपकरण खरीद से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में उन पर जांच चल रही थी।

# ईरान ने महिला 'जासूस' समेत 4 को फांसी पर लटकाया

**एजेंसी** | तेहरान



ईरान की सरकार ने 3 पुरुषों और 1 महिला को फांसी पर लटका दिया है। ईरान का दावा है कि ये लोग इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी कर रहे थे। ईरान के पश्चिमोत्तर प्रांत वेस्ट अजरबैजान की न्यायपालिका से जुड़ी न्यूज एजेंसी मिजान ने इसकी जानकारी दी है। इन सभी को शुक्रवार की सुबह फांसी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से तीन की पहचान वफा हनारेह, अराम ओमारी और रहमान परहाजो के रूप में हुई है। इसके अलावा एक महिला को भी फांसी दी गई जिसकी पहचान नासिम नमाजी के रूप में हुई है।

इन सभी पर अल्लाह के खिलाफ युद्ध छेड़ने, धरती पर भ्रष्टाचार करने और यहूदी शासन के साथ सहयोग करने का आरोप लगाया गया है। मिजान ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस ग्रुप ने ईरान की सुरक्षा के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की थी। इनको मोसाद से निर्देश मिल रहे थे। इन पर ईरानी सुरक्षाबलों के अपहरण का भी आरोप लगाया गया है।

### 1 जनवरी को दुनिया की आबादी भी बनाएगी रिकॉर्ड

# विश्व में हर सेकंड में 4.3 लोगों का जन्म

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आने वाले नए साल में दुनिया की आबादी भी एक नया रिकॉर्ड बनाने वाली है। इस साल विश्व की जनसंख्या में लगभग साल 7.5 करोड़ का इजाफा हुआ। नए साल के दिन कुल वैश्विक आबादी के आठ अरब से अधिक हो जाने का अनुमान है। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। जनगणना ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दुनिया भर में जनसंख्या की वृद्धि दर एक प्रतिशत से कम रही। वर्ष 2024 की शुरुआत में दुनिया भर में हर सेकंड में 4.3 लोगों का जन्म और दो लोगों की मौत होने का अनुमान है।



### क्या है अमेरिका की आबादी का हाल

अमेरिका की जनसंख्या की वृद्धि दर पिछले वर्ष 0.53 प्रतिशत थी, जो दुनिया भर की वृद्धि दर से आधी है। अमेरिका की आबादी इस साल 17 लाख बढ़ी और नववर्ष पर इसकी कुल जनसंख्या 33 करोड़ 58 लाख हो जाएगी। 'ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन' में जनसांख्यिकी विशेषज्ञ विलियम फ्रे ने कहा कि जनसंख्या में वृद्धि की मौजूदा गति यदि इस दशक के अंत तक बरकरार रही, तो 2020 का दशक जनसंख्या में बढ़ोतरी के लिहाज से अमेरिकी इतिहास में सबसे धीमी गति का दशक हो सकता है और 2020 से 2030 तक 10 साल की अवधि में वृद्धि दर चार प्रतिशत से कम रह सकती है।

### भारत ने चीन को छोड़ा पीछे

आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ते हुए इसी साल भारत दुनिया का सबसे आबादी वाला देश बना था। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अनुमान के मुताबिक भारत की आबादी 142.86 करोड़ को पार कर गई है। यूएन का अनुमान है कि अगले तीन दशकों में भारत की आबादी बढ़ती रहेगी और उसके बाद इसमें गिरावट आनी शुरू होगी। भारत में साल 2011 के बाद से जनगणना नहीं हुई है और इसलिए उसकी साल 2023 में सटीक आबादी कितनी है यह जानकारी नहीं है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl